दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
Tital Code:RAJHIN27921
# मरुधर विशेष
Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732
वर्ष: 01 | अंक : 237 | जयपुर | 12 अप्रैल 2023 | बुधवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ : 04



## थ्रेसर में फंसा युवक, सिर और गर्दन के टुकड़े हुए

भिवाड़ी. अलवर में थ्रेसर में युवक के फंसने से वह दो टुकड़ों में कट गया। महज 10 सेकेंड में ही उसके शरीर के दो हिस्से हो गए। उसकी गर्दन शरीर से अलग होकर मशीन में फंस गई, जबकि बाकी का शरीर बाहर रह गया। घटना अलवर के कोटकासिम थाना क्षेत्र के कादैया गांव की की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव के टुकड़ों को पोटली में बांध कोटकासिम सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) ले गई। मृतक गजेंद्र राजपूत (40) पिछले 10 साल से गुरगचका (कोटकासिम) निवासी थ्रेसर मालिक रामनिवास के यहां काम कर रहा था। रात को वे अपने ही गांव कादैया में रहने वाले गोविंद अहीर के यहां थ्रेसर लेकर गया था। गोविंद अहीर के बेटे रीछपाल (30) ने बताया कि करीब 1.30 से 2 बजे के बीच में गेहूं निकाल रहे थे। वो और उसके पिता गेहूं के कट्टे भर रहे थे। गजेंद्र राजपूत गेहूं की पुलियों को थ्रेसर में डाल रहा था। चार-पांच मजदूर और लगे हुए थे। अचानक से थ्रेसर में जोर की आवाज आई तो मैंने सोचा कि कोई पत्थर थ्रेसर के अंदर चला गया है। इतने में ही मजदूर पीछे से चिल्लाएं कि थ्रेसर में आदमी चला गया है। इतना सुनकर ने थ्रेसर को रोक दिया, लेकिन तब तक गजेंद्र का आधा शरीर थ्रेसर में जा चुका था। गजेंद्र के शरीर के टुकड़ों को देख दूसरे मजदूर इतना घबरा गए कि वे खेत से अपने घर चले गए। एएसआई धर्मपाल मीणा ने बताया कि मंगलवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बतया कि खेत मालिक ने सुबह सूचना दी कि थ्रेसर में आने से युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे तो शव के टुकड़े हो रखे थे। इस दौरान पूरी रात शव थ्रेसर में ही फंसा रहा। बताया जा रहा है कि गजेंद्र का एक हाथ थ्रेसर के अंदर चल रही गिरारियों के बीच फंस गया और देखते-देखते वह पूरा थ्रेसर के अंदर चला गया। जिससे उसका आधा शरीर गिरारियों के बीच फंस गया और अंदर जाने से उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए।

## 1000 पहुंचा कोरोना मरीजों का आंकड़ा

जयपुर। राजस्थान में कोरोना का खतरा बढ़ रहा है। कोरोना मरीजों का आंकड़ा एक हजार के करीब पहुंच गया है। अब प्रदेश में कुल कोरोना पॉजिटिव की संख्या 963 हो गई है। सबसे ज्यादा कोरोना के मरीज राजधानी जयपुर में सामने आ रहें है। प्रदेश में मंगलवार को 6109 सैंपल लिए गए। जिसके आधार पर जयपुर में सबसे ज्यादा मामले सामने आए है। जयपुर में 53 कोरोना संक्रमित मिले है। इसके अलावा उदयपुर में 13, सीकर में 6, प्रतापगढ़ में 2, पाली में 3, नागौर में 5, कोटा में 3, जोधपुर में 10, झालावाड़ में 10, जैसलमेर में 8, गंगानगर में 5, डूंगरपुर में 8, चूरू में 4, चित्तौड़गढ़ में 12, बीकानेर में 15, भीलवाड़ा में 5, बांसवाड़ा में 6, अलवर में 8, अजमेर में 14 केस मिले है। इस तरीके से प्रदेश में मंगलवार को कुल 190 कोरोना पॉजिटिव मिले है। इसके अलावा 31 मरीजों को रिकवर होने पर डिस्चार्ज किया गया है। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के घर में भी कोरोना का मामला सामने आया है। चिकित्सा मंत्री की पुत्रवधु की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। जिन्हें तबीयत खराब होने पर एसएमएस अस्पताल लाया गया। जहां उन्हें चिकित्सकों ने जांच कर भर्ती किया है। अब मंत्री की पुत्रवधु का उपचार चल रहा है। इससे पहले सीएम अशोक गहलोत, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे व पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा भी कोरोना संक्रमित हो चुके है।



## मौसम विभाग का इस साल सामान्य बारिश का अनुमान

नई दिल्ली. इस साल मानसून के सामान्य रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे एक दिन पहले प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट ने देश में सामान्य से कम बारिश का अनुमान लगाया था। स्काईमेट के कहा था देश के नॉर्दर्न और सेंट्रल रीजन में कम बारिश होने की सबसे ज्यादा संभावना है। अगर बारिश सामान्य रहती है तो देश में फूड ग्रेन प्रोडक्शन भी नॉर्मल ही रहने का अनुमान है। यानी इससे महंगाई से राहत मिल सकती है। देश में किसान आमतौर पर 1 जून से गर्मियों की फसलों की बुआई शुरू करते हैं। ये वो समय होता है जब मानसून की बारिश भारत पहुंचती है। फसल की बुआई अगस्त की शुरूआत तक जारी रहती है। इंडियन मीटियरोलॉजिकल डिपार्टमेंट ने बताया कि लॉन्ग पीरियड एवरेज की 96% बारिश हो सकती है। यदि बारिश 90-95% के बीच होती है तो इसे सामान्य से कम कहा जाता है। 96%-104% हो तो इसे सामान्य बारिश कहा जाता है। अगर 104% से 110% के बीच है तो सामान्य से ज्यादा बारिश कहते हैं। 110% से ज्यादा को एक्सेस बारिश और 90% से कम बारिश को सूखा पड़ना कहा जाता है। मई के अंतिम हफ्ते में मानसून का अगला अपडेट आएगा। वहीं अल-नीनो के असर पर कहा कि इस साल अल-नीनो का असर मानसून सीजन के दूसरे हाफ में दिख सकता है। मौसम विभाग ने कहा कि अल-नीनो की स्थिति जरूर बनेगी, लेकिन ये बहुत ताकतवर नहीं, बल्कि मॉडरेट होगा। इसलिए इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। जिस साल अल-नीनो हो, तो कोई जरूरी नहीं है कि उस साल मानसून भी खराब हो। बीते 40% अल-नीनो साल सामान्य या सामान्य से ज्यादा बारिश वाले रहे हैं।

## सीएसटी ने पकड़ी डेढ़ करोड़ की डोडा चूरा की खेप

जयपुर. जयपुर कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 4क्विंटल डोटा चूरा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। यह मादक पदार्थ झारखंड से मारवाड़ में सप्लाई होने के लिए जा रहा था। जब्त माल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत डेढ़ करोड़ रुपए बताई जा रहा हैं। पुलिस ने ट्रक को बस्सी थाना इलाके में जटवाड़ा चौकी के पास पकड़ा। इस दौरान ट्रक चालक ने पुलिस से बचने के लिए ट्रक को छोड़ कर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने पीछा कर चालक को गिरफ्तार किया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि कुछ दिन पहले जानकारी मिली थी की झारखंड से मारवाड़ में सप्लाई होने के लिए बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ आ रहा हैं। जिस पर कल रात सीएसटी की टीम ने आगरा रोड पर कई जगहों पर टीम डिप्लाई की। इस दौरान पुलिस ने जोधपुर के बिलाड़ा निवासी शरीफ खान को ट्रक रोकने के लिए कहा। लेकिन बदमाश ने ट्रक नहीं रोका जिस पर पुलिस टीम ने ट्रक का पीछा किया। आगे नाकेबंदी को देख कर ट्रक चालक शरीफ खान ट्रक को मौके पर छोड़ कर भागने लगा। जिस पर पुलिस टीम ने उसे दौड़ कर पकड़ा। इस पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर ट्रक और डोटा चूरा जब्त किया।

# सचिन पायलट की दो टूक, भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी रहेगी जंग

## पूर्ववर्ती वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की मांग को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने समर्थकों के साथ शहीद स्मारक पर अनशन किया






शहीद स्मारक पर अनशन पर बैठे सचिन पायलट और समर्थक।

जयपुर। पूर्ववर्ती वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की मांग को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ शहीद स्मारक पर 1 दिन का अनशन किया। अनशन सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक चला। अनशन समाप्त होने के बाद सचिन पायलट ने भ्रष्टाचार के मामलों के खिलाफ अपने तीखे तेवर भी दिखाए, सचिन पायलट ने साफ कर दिया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार के मामलों को मैं लंबे समय से उठा रहा हूं, यह वही मुद्दे हैं जिन भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी संसद और संसद के बाहर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। केंद्र सरकार के भ्रष्टाचार को लेकर देश में तमाम विपक्षी पार्टियां जेपीसी की मांग कर रही हैं, भ्रष्टाचार के खिलाफ सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट हैं। पायलट ने कहा कि जब हम विपक्ष में थे तब हमने वसुंधरा सरकार के कई घोटालों को उजागर किया था। वसुंधरा सरकार में शराब माफिया, भू माफिया, बजरी माफिया का बोलबाला था। खान घोटाला और बजरी घोटाले को भी हमने उजागर किया था। हमने जनता के बीच जाकर जनता से यह वादा किया था कि अगर हम सत्ता में आए तो वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करवाएंगे लेकिन सत्ता में आए हुए हमारी सरकार को भी अब साढ़े 4 साल पूरे हो रहे हैं और अभी तक भ्रष्टाचार के मामलों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब कुछ महीने के बाद ही विधानसभा चुनाव होंगे, ऐसे में हमने जो वादे जनता से किए थे उस पर हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम उन वादों को पूरा करें और फिर जनता के बीच जाएं।

### दो बार पत्र लिखने पर सीएम ने जवाब नहीं दिया

सचिन पायलट ने कहा कि मैंने वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए दो बार मुख्यमंत्री गहलोत को पत्र लिखा था लेकिन दोनों ही बार मुख्यमंत्री ने इन पत्रों का कोई जवाब नहीं दिया गया। हालांकि इससे पहले मैंने कई दूसरे मामलों को लेकर पत्र मुख्यमंत्री को लिखे थे जिनका जवाब आ गया था। सचिन पायलट ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि गहलोत सरकार बीजेपी शासन में हुए भ्रष्टाचार के मामलों पर कार्रवाई करेगी। सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की लड़ाई ही करप्शन के खिलाफ है, हमने राजस्थान के साथ-साथ जहां भी भाजपा शासित सरकारें हैं उन राज्यों में जाकर भी वहां के घोटालों को उजागर करने का काम किया है। उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात में भी भाजपा के भ्रष्टाचार को उजागर किया है और जहां भी हमें जिम्मेदारी मिलती है हम वहां जाकर बीजेपी के कारनामों को उजागर करने का काम करते हैं।

वहीं प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के बयान को लेकर सचिन पायलट ने कहा कि रंधावा अभी कुछ माह पहले ही प्रभारी बने हैं। उनसे पहले मैंने तब के प्रभारी अजय माकन को भी भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए चिट्ठी लिखी थी और पार्टी फोरम पर भी इस मामले को उठाया था, उन्होंने कहा कि यह मामला सरकार से जुड़ा है इसलिए सरकार के सामने उठाया है अगर संगठन से जुड़ा होता तो संगठन के सामने इस मामले को उठाता।

### वसुंधरा सरकार के घोटाले पब्लिक डोमेन में

सचिन पायलट ने कहा कि वसुंधरा सरकार के घोटाले पब्लिक डोमेन में है, यह कोई नए मुद्दे नहीं है, प्रदेश की जनता के सामने कई बार इन घोटालों का जिक्र हो चुका है। उन्होंने कहा कि ललित मोदी स्केम, , बजरी घोटाला कोई नए मामले नहीं हैं ये सब पब्लिक डोमेन में हैं।

### संदेशें आते हैं बड़ा तड़पाते है...

इस बार न तो कोई चिट्ठी आई और न ही कोई संदेशा। मंच पर पूर्व उपमुख?यमंत्री सचिन पायलट मौन मुद्रा में एकदम शांत बैठे नजर आए। कहीं दूर बॉर्डर फिल?म का गाना 'संदेशें आते हैं, बड़ा तड़पाते हैं...' बजता सुनाई दे रहा था। ऐसा लग रहा था जैसे वो पायलट के लिए ही बज रहा हो। क?योंकि सभी जानते हैं कि हर बार जब पायलट ने मुख?यमंत्री अशोक गहलोत के विरुद्ध कुछ बोला तो आलाकमान के संदेशों ने उन?हें ठंडे छींटे देकर शांत कर दिया। बीच-बीच में बार-बार गांधी का भजन ह्यवैष्णव जन तो लगातार बज रहा था। जो अभी भी पायलट को शांति के पथ पर चलने को प्रोत?साहित कर रहा था। अनशन की घोषणा के साथ ही पायलट सोशल मीडिया पर ट्रेंड करते नजर आए। मंगलवार को भी पायलट को सोशल मीडिया पर यूजर्स का काफी समर्थन मिला। वहीं उनके विरोध में भी बयानबाजी होती नजर आई। खास तौर पर धरना स?थल पर लगे पोस?टर और बैनरों में राहुल गांधी, सोनिया-प्रियंका गांधी और कांग्रेस का चिन?ह न होने से यूजर्स तरह-तरह के कयास लगाते रहे। आगे भविष?य में क?या होगा यह तो पायलट पर निर्भर रहेगा, लेकिन सोशल मीडिया पर दिनभर कयास लगते रहे। इस दौरान महिलाओं ने भी जमकर पायलट का समर्थन किया। पायलट तुम संघर्ष करो, हम तुम?हारे साथ के नारों से शहीद स?मारक गूंजायमान रहा। वहीं पीली लूंगड़ी ओढ़कर आई गुर्जर समाज की महिलाओं ने रंग दे बसंती गाने पर जमकर ठुमके लगाकर समां बांधा।

### गहलोत ने मिशन 2030 की बात दोहराई


इधर, पायलट के अनशन शुरू होने के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीडियो मैसेज जारी कर एक बार फिर मिशन 2030 की बात दोहराई। उन्होंने कहा मैंने तय किया है कि 2030 तक राजस्थान को देश का नंबर वन राज्य बनाना है। पायलट के अनशन के बीच मिशन 2030 की बात दोहराने के भी सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। अनशन स्थल पर लगे पोस्टरों में न राहुल-सोनिया का फोटो दिखा, न ही कांग्रेस का सिंबल। केवल महात्मा गांधी की फोटो नजर आई। उधर, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने जयपुर दौरा रद्द कर दिया। वे पायलट से बातचीत करने के लिए आज दोपहर बाद जयपुर पहुंचने वाले थे। अब वह बुधवार को जयपुर आ सकते हैं। उन्होंने कल पायलट की कार्रवाई को पार्टी विरोधी बताया था। बीजेपी राज के करप्शन के मुद्दे पर जिस तरह पायलट ने पहले तेवर दिखाए थे, उससे लग रहा था कि आज अनशन के बाद कोई अलग पॉलिटिकल लाइन ले सकते हैं। अनशन खत्म होते-होते पूरी तस्वीर बदल गई। पायलट ने नई पॉलिटिकल लाइन लेने की जगह फिलहाल कांग्रेस में रहकर करप्शन का मुद्दा उठाने के संकेत दिए। सुबह आप के प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा ने पायलट के अनशन का समर्थन किया, लेकिन आप का स्टैंड भी बदल गया। पायलट ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनशन की घोषणा की थी। आज के धरना में प्रदेश भर से उनके समर्थक जयपुर पहुंचे। इससे पहले पायलट गुट के नेताओं और विधायकों ने चुनिंदा समर्थकों को जयपुर पहुंचने का मैसेज भेजा। कांग्रेस राज में अपनी ही सरकार के खिलाफ अनशन का हाल के दो दशक में यह पहला मौका था।

# चीफ जस्टिस ने वकील को फटकारा, मेरे अधिकार से खिलवाड़ न करें



नई दिल्ली. चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को एक वकील से कहा कि मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ न करें। इसे लेकर उन्होंने वकील को फटकार भी लगाई। दरअसल, वकील कोर्ट में एक केस की सुनवाई की तारीख जल्दी पाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन चीफ जस्टिस ने कहा कि मामला पहले से ही 17 अप्रैल को सुनवाई के लिए लिस्टेड है। इस पर वकील ने चीफ जस्टिस से मामले को दूसरी बेंच के सामने रखने की मांग की। चीफ जस्टिस ने वकील से पूछा कि मामले की सुनवाई के लिए आपको 17 तारीख दी गई है। लेकिन आप 14 तारीख पाने के लिए दूसरी बेंच के समक्ष इस मामले को ले जाना चाहते हैं। अगर मामला 17 तारीख के लिए लिस्टेड है तो 17 तारीख को ही सुनवाई होगी। मेरे साथ ये चाल मत खेलो। आप पहले तारीख के लिए यहां आए और अब मामले को कहीं और नहीं ले जा सकते। वहीं रिपोर्ट्स के मुताबिक चीफ जस्टिस की फटकार के बाद वकील ने कहा कि मिलॉर्ड मुझे माफ कर दीजिए। इसके एक महीने पहले ही चीफ जस्टिस एक अर्जी की लिस्टिंग पर गुस्सा हो गए थे। उन्होंने तेज आवाज में वरिष्ठ वकील विकास सिंह से कहा था चुप रहो। इसी वक्त कोर्ट से चले जाओ। आप हमें डरा नहीं सकते! विकास सिंह सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। वे चीफ जस्टिस, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच से वकीलों को जमीन देने की मांग वाली एक अर्जी पर सुनवाई की अपील कर रहे थे।

## अमित शाह 15 अप्रैल को आएंगे भरतपुर



जयपुर. 15 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भरतपुर पहुंचेंगे। जहां वह भरतपुर संभाग के पदाधिकारियों और प्रमुख कार्यकताओं की बैठक लेंगे। दरअसल, 2018 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को भरतपुर संभाग में करारी शिकस्त मिली थी। 19 विधानसभा सीट वाले भरतपुर संभाग बीजेपी सिर्फ एक सीट पर जीत दर्ज कर पाई थी। ऐसे में बीजेपी आलाकमान ने अमित शाह को भरतपुर संभाग को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी है। वहीं अमित शाह के दौरे से पहले आज बीजेपी संगठन महामंत्री चंद्रशेखर भरतपुर में बीजेपी कार्यकताओं की बैठक लेंगे। इस बैठक में अमित शाह के स्वागत की तैयारियों के साथ भरतपुर संभाग के चुनावी मुद्दों को लेकर चिंतन और मंथन किया जाएगा। बता दें कि इससे पहले अमित शाह फरवरी में राजस्थान आने वाले थे। लेकिन संगठन में फेरबदल की वजह से उनका राजस्थान दौरा टल गया था। वहीं 13 अप्रैल को बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का भरतपुर जाने का कार्यक्रम था। लेकिन आखिरी वक्त पर कार्यक्रम को निरस्त कर अब अमित शाह को भरतपुर बुलाया गया है। जहां वह राजस्थान के सबसे कमजोर संभाग में बीजेपी को मजबूत करने की रणनीति बनाएंगे। दरअसल, राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से चुनावी मोड में आ गई है। चुनाव से ठीक पहले जहां पार्टी ने सतीश पूनिया को हटाकर सीपी जोशी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं अब तक उपनेता की जिम्मेदारी देख रहे राजेंद्र राठौड़ को प्रमोट कर नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे सतीश पूनिया को उपनेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी गई गया है। ऐसे में संगठन में हुए बड़े फेरबदल के बाद अमित शाह का राजस्थान दौरा पार्टी बीजेपी कार्यकताओं के लिए सियासी संदेश भी साबित हो सकता है।

## पुलिसकर्मी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करेगा तो दोगुना जुर्माना



जयपुर. राजस्थान में अगर कोई पुलिसकर्मी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ दोगुना जुमार्ना वसूला जाएगा। साथ ही उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी होगी। एडीजी ट्रैफिक वीके सिंह ने मंगलवार को यह आदेश जारी किए है। एडीजी ट्रैफिक वीके सिंह ने बताया कि प्रदेश से कई तस्वीरें ऐसे आती हैं। जिसमें पुलिसकर्मी बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहनों पर चलते हुए दिखाई देते हैं। कई पुलिसकर्मी शराब पीकर वाहन चलाते हैं तो कई पुलिसकर्मी बिना सीट पर लगाकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं। पकड़े जाने पर यह पुलिसकर्मी खुद को पुलिस में होने का दबाव बनाकर छूट जाते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ ना केवल मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ट्रैफिक नियमों की पालना नहीं करने वाले पुलिसकर्मियों पर विभागीय कार्यवाही भी होगी। एडीजी वीके सिंह का कहना है कि कई बार उनके पास इस तरीके की शिकायतें आई हैं। जिसमें बताया गया कि पुलिसकर्मी खुद ही सड़क पर ट्रैफिक नियमों को तोड़ रहे हैं। ऐसे में पुलिस की छवि खराब होती है। साथ ही नियमित रूप से वाहन चलाने वालों में पुलिस का डर खत्म होता है। इसे देखते हुए पूरे प्रदेश के सभी एसपी को आदेश जारी किए गए हैं कि वह अपने जिले में इस आदेश को सकुर्लेट करें। ऐसे पुलिसकर्मी जो कि ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते और खासतौर से तब जब वह वर्दी पहने हुए होते हैं अगर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए कोई भी वर्दी पहने हुए पुलिसकर्मी मिलता है तो उसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

**सांसदी-घर छीना, पीछे पुलिस लगा दी, मुझे फर्क नहीं पड़ता...**

# चाहे जेल में डाल दें, सवाल पूछता रहूंगा :राहुल गांधी



वायनाड. सांसदी छीने जाने के बाद पहली बार राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड पहुंचे। उन्होंने कहा मेरी संसद की सदस्यता छीन ली गई। मेरा घर छीन लिया, मेरे पीछे पुलिस लगा दी, लेकिन इन सब से मुझे फर्क नहीं पड़ता है। वो मुझे जेल में भी डाल दें फिर भी मैं सवाल पूछता रहूंगा। 4 साल पहले मैं यहां आया था और यहां से सांसद बना। मेरे लिए यहां चुनाव प्रचार करना सबसे अलग था। मैं केरल का रहने वाला नहीं हूं, लेकिन आपके प्यार ने मुझे महसूस कराया कि मैं आपका भाई, आपका बेटा हूं। वायनाड के लोग, देश के लोग स्वतंत्र भारत में रहना चाहते हैं। जहां उनके बच्चों को कुछ भी सीखने, करने के लिए स्वतंत्र हो। कोई ऐसे देश में नहीं रहना चाहता, जिसे सिर्फ कुछ गिने-चुने लोग चलाएं। वो लोग जितना दुष्ट बनना चाहें बनें, निर्दयी बनेंगे, मैं उतना ही सज्जन बनूंगा। भाजपा देश के सिर्फ एक विजन को पेश कर रही है, लेकिन हम देश के असली विजन को लेकर चल रहे हैं। मैं संसद में गया और पीएम से पूछा अडाणी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताइए। 2014 के बाद अमीरों की लिस्ट में अडाणी 2 नंबर पर कैसे आ गए? मैंने बताया कि अडाणी की मदद के लिए भारत और इजराइल के रिश्ते बदल गए। वो मुझे जितना परेशान करेंगे, उससे पता चलेगा कि मैं सही राह पर हूं। मैंने स्पीकर से पूछा ये क्यों हो रहा है उन्होंने कहा कि मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। राहुल गांधी ने यहां कलपेट्टा में 22 मिनट तक रोड शो किया। प्रियंका गांधी समेत पार्टी के कई सीनियर लीडर उनके साथ नजर आए। राहुल ने कहा कि मेरी सांसदी छीने जाने से वायनाड के साथ मेरे रिश्ता कमजोर नहीं बल्कि और मजबूत होगा। एमपी सिर्फ एक टैग है, यह एक पोस्ट है। बीजेपी वह टैग छीन सकती है, मुझे वायनाड के लोगों की आवाज उठाने से नहीं रोक सकती। राहुल से पहले, प्रियंका गांधी ने कहा मैं यहां आकर खुश हूं। यह बहुत भावुक दौरा है जब मैं अपने भाई के साथ वायनाड आई हूं। कल मैं उनके घर से उसका फर्नीचर पैक कर रही थी। जब तक नई जगह नहीं मिल जाती वो मां के साथ रहेंगे। कुछ सालों पहले मैंने भी यही समय देखा, जब मुझे घर बदलना पड़ा था। मेरे बच्चों और पति ने मेरी मदद की, लेकिन मेरे भाई के न बच्चे हैं और न ही परिवार।

## सम्पादकीय

भारतीय कारोबार जगत की फितरत है, जब भी कोई कारोबारी घराना उभरता है, उसकी सफलता को सिर्फ और सिर्फ खास नजरिए से देखा जाता है। यह पहला मौका नहीं है, जब अडानी जैसा कोई कारोबारी निशाने पर है। पिछली सदी के नब्बे के दशक को याद कीजिए।राहुल गांधी की अगुआई में जारी अभियान के चलते उद्योगपति गौतम अडानी अरसे से चर्चा में हैं। जिस हिंडनबर्ग रिपोर्ट की वजह से अडानी राहुल गांधी समेत तकरीबन समूचे नरेंद्र मोदी विरोधी राजनीतिक खेमे के निशाने पर हैं, उस रिपोर्ट पर मराठा दिग्गज शरद पवार ने सवाल उठा दिया है। शरद पवार ने कहा है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट के पीछे विशेष एजेंडा की आशंका है। पवार के इस आरोप के बाद विपक्षी खेमे को सूझ नहीं रहा कि वह अडानी मामले को किस हद तक आगे ले जाए।

भारतीय कारोबार जगत की फितरत है, जब भी कोई कारोबारी घराना उभरता है, उसकी सफलता को सिर्फ और सिर्फ खास नजरिए से देखा जाता है। यह पहला मौका नहीं है, जब अडानी जैसा कोई कारोबारी निशाने पर है। पिछली सदी के नब्बे के दशक को याद कीजिए। तब अंबानी घराना ऐसे ही निशाने पर रहता था। दिलचस्प यह है कि तब रिलायंस इंडस्ट्रीज के उभार पर सवाल उठते थे। सवाल तो उस बिरला घराने पर भी उठे हैं, जिसके प्रमुख घनश्याम दास बिरला गांधी जी के नजदीकी थे। पिछली सदी के साठ के दशक में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के राज्यसभा सदस्य रहे बालकृष्ण गुप्ता ने बिरला को बेजा फायदे पहुंचाने को लेकर ना सिर्फ तब सोशलिस्टों के प्रमुख पत्र जन में धारावाहिक तौर पर लिखा था, बल्कि राज्यसभा में उस पर चर्चा की मांग की थी। बालकृष्ण गुप्त के उन भाषणों का संग्रह पुस्तक रूप में प्रकाशित हो चुका है। वैसे अडानी पर यह पहला मौका नहीं है, जब आरोप लगा है। यह भी दिलचस्प है कि अडानी घराने की कंपनियां राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकारों के साथ काम कर रही हैं। फिर भी कांग्रेस के आलाकमान के निशाने पर अडानी हैं। कुछ महीने पहले छत्तीसगढ़ के हसदेव इलाके में जारी खनन को लेकर अडानी पर सवाल उठे थे। बीते साल दिसंबर

# जब भी कोई कारोबारी उभरता है तो उसे हमेशा शक की निगाह से ही क्यों देखा जाता है?

महीने में एक-दो दिन छोड़कर लगातार अडानी घराना निशाने पर रहा। भारत सरकार की नीतियों के अनुसार छत्तीसगढ़ की कोयला खदानों को राज्यों के बिजली बोर्डों को कैप्टिव पावर प्लांट को कोयले की सप्लाई के लिए दिया गया था। उनमें राजस्थान सरकार के निगम राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को छत्तीगढ़ जंगल में खदाने आवंटित की गई। दिसंबर में आरोप लगा कि परसा केते खदान से कोयला निकालने के लिए अडानी की कंपनी से जो समझौता किया है, उसके तहत राजस्थान सरकार अडानी पर मेहरबान है। छत्तीसगढ़ की सिविल सोसायटी की ओर से यह आरोप लगा कि जनवरी 2021 से दिसंबर 2021 के बीच परसा केते माइन्स से एक लाख 87 हजार 579 डब्बे कोयले की ढुलाई हुई। जिसमें राजस्थान को 49 हजार 229 वैगन कोयला नहीं गया। बल्कि मध्य प्रदेश और दूसरे राज्यों की कंपनियों को गया। जिसमें अडानी ने मोटा मुनाफा कमाया।

लेकिन अडानी एंटरप्राइजेज का कहना है कि राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के साथ हुए समझौते के तहत उसकी भूमिका बेहद सीमित है। उसका काम परसा और केंते खदान से निकलने वाले वाश्ड कोयले की ढुलाई राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के उन ताप विद्युत केंद्रों को करना है, जिन्हें निगम कहता है। इसलिए उस पर ऐसे आरोप बेहद निराधार हैं। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित परसा-केते कोयला ब्लॉक से कैप्टिव पावर प्लांट के लिए 2013 से ही कोयला निकाला जा रहा है। जिसमें करीब डेढ़ हजार स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। अडानी एंटरप्राइजेज का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार के दिशा निदेर्शों और राजस्थान बिजली बोर्ड के आदेशानुसार सिर्फ कोयले की ढुलाई करता है।

अडानी पर आरोप लगता रहा है कि हसदेव क्षेत्र के जंगल को भी उनकी कंपनियां नुकसान पहुंचा रही हैं। लेकिन अडानी एंटरप्राइजेज का कहना है कि खदान का काम पर्यावरण मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार के दिशानिदेर्शों के मुताबिक होता है। इसके लिए राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने 38 सौ हेक्टेयर जमीन पर खदान की अनुमति छत्तीसगढ़ सरकार से ली है और इसके लिए निर्धारित शुल्क भी निगम ने ही चुकाया है। इसलिए अडानी एंटरप्राइजेज की भूमिका पर सवाल कैसे उठता है, यह समझ के परे है। समझौते के मुताबिक, अगर एक पेड़ खुदाई कार्य के लिए काटा जाता है तो उसके बदले साठ पेड़ लगाने होते हैं।

अडानी एंटरप्राइजेज ऐसा कर रहा है। इसे दिखाने को भी एंटरप्राइजेज तैयार है। छत्तीसगढ़ सरकार के दिशा निर्देश के मुताबिक खदान वाले इलाके में कारपोरेट सोशल रिस्पान्सबिलिटी के लिए काम करने की जिम्मेदारी अडानी एंटरप्राइजेज को है। इसके तहत अडानी फाउंडेशन इलाके में लगातार कार्य चला रहा है। जिसके तहत अडानी विद्या मंदिर नाम से इलाके में स्कूल चल रहा है।

## अमृतकाल में 'अमृतपान' सफेद कौवे का दिखना, क्या है मायने !

काले धन को 'सफेद' होते तो सुना होगा...आजकल कौवे भी 'सफेद' होने लगे हैं...खास बात यह है कि यह सफेद कौवा गुजरात के पुणे में देखा गया है....सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है....लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं...इसे सिर्फ संयोग ही कहेंगे कि जब से राहुल गांधी ने धनकुबेर गौतम अडानी को मुद्दा बनाया है....'गुजरात' चर्चा में बना हुआ है....बता दें कि गौतम अडानी की कर्मभूमि कभी अहमदाबाद हुआ करती थी, जब कि वे इतने बड़े कारोबारी नहीं हुए थे...तो जब भी अडानी नाम गूंजा जहन में 'गुजरात' ताजा हो गया...। बात अकेले अडानी की भी नहीं है....पिछले दिनों कच्छ शिक्षण समिति का जिक्र हुआ तो फिर 'गुजरात' याद आ गया था... बता दें कि यहां तीसरी क्लास के पर्चे में सचिन से संबंद्ध सवाल में उत्तर के ऑप्शन में क्रिकेट ही उड़ा दिया गया....चार विकल्प दिए गए, एक-हॉकी, दो- कब्बड़ी, तीन-फुटबाल और चार-चेस...जबकि सचिन तेंदुलकर क्रिकेट से जुडें हैं यह बताने की जरूरत नहीं...इसी तरह दूसरा सवाल भी विवादों में रहा....इसमें आउटडोर गेम्स में सांप-सीढ़ी और कैरम को रख दिया गया....लेकिन कच्च शिक्षण समिति ने इस पर कोई सफाई नहीं दी...शर्मिन्दगी नहीं जताई....हो सकता है उन्हें पूवार्भास हो गया हो कि दो-तीन दिन बाद तो वैसे भी पुणे के लुल्ला नगर में सफेद कौवा दिखने वाला है....जब ये वायरल होगा तो लोग स्वतः ही भूल जाएंगे...शायद लोग भूल भी जाते लेकिन फिर पुणे की ही वजह से 'गुजरात' पर नजर ठहर गई....यहां एक व्यापारी ने ईएमआई पर आम बेचकर लोगों को हैरत में डाल दिया...लोग अभी आम का स्वाद ठीक से ले भी नहीं पाए कि सफेद कौवे की एंट्री हो गई....काला कौवा देखते आ रहे लोगों के लिए यह कौतूहल का विषय बन गया....और देखते ही देखते सोशल मीडिया में सफेद कौवा छाने लगा....वायरल होने लगा....तरह-तरह की बातें हुईं....सफेद कौवे की अमृत से जुड़ी पौराणिक कथा याद आते ही अमृतकाल याद आ गया... सबको पता है, अभी हम अमृतकाल से गुजर रहे हैं...ऐसे में सफेद कौवे का दिखना क्या 'गुल' खिलाएगा, देखना होगा....कर्नाटक में चुनाव है....हो सकता है 'नेताजी' सफेद कौवे को लेकर कोई नई कहानी गढ़ दें, मसलन कहें कि अब काले कौवे का जमाना खत्म होने वाला है...सफेद कौवे की एंट्री हो गई....यह इस बात का भी प्रतीक है कि भ्रष्टाचार के खात्मे के हमारे प्रयासों को प्रकृति का भी साथ मिल रहा है....वगैरहा-वगैरहा, कुछ भी कहा जा सकता



है....जब तक सफेद कौवे पर 'नई थ्यौरी' सामने आए....उससे पहले सामान्य ज्ञान को दुरूस्त कर लेते हैं। दरअसल, सफेद कौवा पहली बार नहीं मिला है और ना ही आखिरी बार....पहले भी समय-समय पर सफेद कौवे मिलते रहे हैं। मध्य प्रदेश के सतना जिले में 2006 में सफेद कौआ देखा गया था। इसके बाद 2012 में तिरुवनंतपुरम में भी एक सफेद कौआ देखा गया....फिर जुलाई 2014 में झारखंड के ओरमांझी के पतरातू गांव मे सफेद कौवा पाया गया, जिसे लोगों ने पकड़ कर चिड़िया घर को सौंप दिया था। अगस्त 2016 में तमिलनाडु के कोयंबटूर में भी एक सफेद कौआ देखा गया था...उस समय इसे स्थानीय चिड़ियाघर को दे दिया गया। इसी तरह अगस्त 2017 में सफेद कौआ सतना जिले की नागौद तहसील के एक गांव में देखा गया था। अगस्त 2017 में ही उत्तर प्रदेश के बिजनौर के गांव मुकरंदपुर में एक सफेद कौआ देखा गया था। अब अप्रैल में पुणे के लुल्ला नगर में सफेद कौवा देखा गया है। जहां तक इसके सफेद होने की बात है, वैज्ञानिक राय और पौराणिक कथा अलग-अलग मत रखते हैं। जंतु वैज्ञानिक अरुण पांडेय के मुताबिक कौओं में यह बीमारी अनुवांशिक होती है और करीब एक लाख कौवों में किसी एक का रंग सफेद होता है....हो सकता है यह कौआ ऐल्बिनिज्म (रंगहीनता) नाम की बीमारी से ग्रसित हो। अब बात पौराणिक कथा की...कथानुसार-प्राचीन काल में एक ऋषि ने एक सफेद कौवे को अमृत ढूंढने भेजा। ऋषि ने उसे सिर्फ अमृत की जानकारी ला कर देने का आदेश दिया था लेकिन सफेद कौवे ने अमृत को ढूंढ निकाला और अमृत पी लिया। कौआ ऋषि के पास आया और उसकी जानकारी दी। उसने यह भी बता दिया कि उसने अमृत पी लिया है। इतना सुनते ही ऋषि आग बबूला हो गए और कौवे को श्राप दे दिया....ऋषि ने कहा कि वचन भंग करके तुमने अपनी जिस अपवित्र चोंच से पवित्र अमृत को जूठा किया है, लोग उससे घृणा करेंगे..... लोग तुम्हें अशुभ मानेंगे। ऋषि ने श्राप देते हुए सफेद कौवे को अपने कमंडल के काले पानी में डुबो दिया जिसके बाद कौवे का रंग काला पड़ गया और तभी से कौवे का रंग काला है...तो हमने जब से होश संभाला काला कौवा ही देखते आ रहे हैं...ऐसे में अगर कोई लाखवां सफेद कौवा हमारे बीच आ जाता है तो चौंकना लाजिमी है....ठीक उसी तरह जब चुनावों में सियासी दल खुद को पाक दामन बता....स्वच्छ शासन देने की बात करें...। कौवा तो फिर भी किसी आनुवांशिक बीमारी की वजह से सफेद दिख जाए...हो जाए, लेकिन सियासत में ऐसा कोई रोग नहीं होता....यहां तो सब 'काले' ही 'काले' हैं....कोई मन से तो कोई धन से...इसलिए याद रखें, अगर कोई काले-सफेद का भेद बता खुद को पाक दामन होने का सर्टीफिकेट दे तो कतई विश्वास ना करें...ये परिधान जरूर सफेद पहनते हैं.....लेकिन कोई एक लाखवां भी इनमें 'सफेद' नहीं हो सकता...सनद रहे।

## निराश्रित परिवार को प्रदान करें अर्थ दान ...!



मरूधर विशेष/भीलवाडा

विगत 8 अप्रेल 2023 को भँवर सिंह पुत्र माँगू सिंह, उम्र- 36 वर्ष, निवासी- मूलतः आमेसर (आसींद), हाल मुकाम, पुलिस लाईन, भीलवाड़ा का आकस्मिक देहावसान हो गया। मृतक राजपूत युवा वस्त्रनगरी में रहकर रिलायंस मोबाईल कंपनी के टॉवरों में सुपरवाईजर के तौर पर कार्यरत था। इनके कंधों पर एक विधवा माँ, पत्नी, दो साल के मासूम बच्चे व एक छोटी बहन के भरण-पोषण सहित बहन के विवाह की जिम्मेदारी भी थी।भँवर सिंह के आकस्मिक देहांत के बाद उनके पीछे बचे उक्त परिजन निराश्रित हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि भँवर के पिताजी की मृत्यू भी पिछ्ले साल हो चुकी है। ऐसे में मृतक के परिजनों पर दुःखों का पहाड़ तो टूटा ही है, साथ ही उनके सामने बहुत बड़ी आर्थिक समस्या भी आ खड़ी हुई है।अतः क्या हमें आगे नहीं आना चाहिये इस परिवार को सबल देने, कि इस दुःखी व निराश्रित परिवार की मदद आपकी एक पहल से हो सके।

# सन्त परम पूज्य राजेंद्र जी महराजअन्तरराष्ट्रीय श्रीमद्भागवत कथा तीसरे दिन अमृत वर्षा श्रीमत परमहंस आश्रम टीकर माफी की तपस्थली पर समागम

मरुधर विशेष/संवाददाता
शिवकुमार मौर्य

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी। बन्दे महापुरुषत! श्री राम दुतमं! श्री यशोदे के लडले भक्तो को निहार! जगत जननी की जय! राधे कृष्ण गोविन्द गोपाल राधे राधे राधे! परम मंगल भगवान श्रीकृष्ण के चरणो मे कोटि सा बन्दन! अनन्त बिभूषित सिद्ध पीठ स्वामी 1008 श्री स्वामी परमहंस आश्रम टीकर माफी की तपस्थली को कोटि कोटि बन्दन करने करते है। तन से, मन से ,धन से पंडित अवधेश नारायण पाण्डेय का जीवन धन्य है। श्रीमद्भागवत कथा के अट्ठारह हजार श्लोक की कथा एक सप्ताह मे सम्भव नही है। कथा व्यास आचार्य राष्ट्रीय सन्त परम पूज्य राजेंद्र जी महराज ने राजा परीक्षित कौन है। मनुष्य का सब कुछ नष्ट हो जाए। लेकिन ईषा नही जाती है

भगवान श्रीकृष्ण कहते है कि पाच पुत्र को लेकर चले गए। लेकिन पाच पुत्र को अश्वत्थामा ने मार दिया ।गुरु द्रोणाचार्य का पुत्र अश्वास्थामा ने हत्या कर दिया। द्रोपदी रूद कर रही है। अश्वास्थामा भगे भगे फिर रहे। लेकिन अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण के चरणो मे गिर पडे। अश्वास्थामा ने ब्रह्म अस्त्र छोड दिए। अर्जुन से श्रीकृष्ण ने कहा कि ब्रह्म अस्त्र छोड दिया। दोनो ब्रह्म अस्त्र आपस भीड कर शान्त हो गए। अर्जुन ने अश्वास्थमा की जटा पकड लिया ।और द्रोपदी के चरण मे डाल दिया। द्रोपदी ने कहा कि गुरु की मां के लिए छोड दो। किसके सहारे जीवन चले। गुरु की जीवन चला गया। भगवान श्रीकृष्ण चुपचाप देख रहे है। अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण के चरणो मे लेट गये ।प्रभू मार्ग दर्शन करे। भगवान श्रीकृष्ण कहते है कि शास्त्र कहता है कि ब्रह्ममण कैसा भी हत्या ना करे ।बाल हत्यारा छोड ना जाए। अर्जुन ने अश्वास्थामा का मण निकाल कर भारी सभा से निकाल दिया। मैने द्रोपदी के पाच पुत्र को मार दिया। अब कौन बचा है। अनेक रूप धारण करता है। एक व्यक्ति ने भगवान की तीन माह तक तप किया। लेकिन मद बुद्धि था ।तीन माह तप किया। तीन बरदान मांग लो। मेरे आख एक अन्धे हो जाए। तो पडोसी की दोनो ऑख फूट जायेगी। दो कूप बडा बना दे। पडोसी के चार बडा कूप बन गया। इस तरह ईर्ष्या रखते है। हे गोविन्द मेरे शिशु को बचा ले। भगवान श्रीकृष्ण उतरा के मुख से गर्भस्थ मे प्रवेश कर गये। उतरा से पूछा कि तबीयत ठीक है।कुन्ती ने कहा कि हे प्रभु आप जगत के पलनहार है। मैने अपने आखो से देखा। कि नाती की रक्षा की। आप जगत नियन्ता है। परीक्षित भी गर्भ मे पल रहे है। हे गोपाल निर्गुण मेरी रक्षा किया। कुन्ती से भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि हम तो आपके भतीजे है। बासुदेव के पुत्र है। द्वारिकाधीश है। आप किसी के बाप है भतीजे बन जाते है। आप को कोई पहचान नही पायेगा। कुन्ती ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के चरणो मे प्रणाम करने से कोई रोक नही सकता है।

कुन्ती ने यशोदा के लिए बरदान मागा। सुभद्रा को बरदान बडा ना दे दे। सुभद्रा चरणो मे रहने के लिए बरदान श्रीकृष्ण से मांगा। भगवान श्रीकृष्ण का भजन बचपन से करे।यह कभी समाप्त नही होगा। युवा आवस्था मे भजन करे। उसके बुढपे मे दुख कभी नही आयेगा। कुन्ती ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण हमे बरदान मांग लिया ।कुन्ती ने ऑचल फला दिया कि बिपत्ति मांग लिया। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि बुआ कुन्ती से कहा कि दुख मांग लिया।हिरन की नभि मे कस्तूरी के लिए भटक रहा है। लेकिन उसके शरीर मे कस्तूरी है। मनुष्य का जीवन दिब्य है। सुख से परमात्मा से लोग दूर हो जाते है। पैसे बैभव समृध्दि से भजन-कीर्तन से दूर हो जाता है। इसलिए कुन्ती ने दुख मांगे। परमात्मा को भूल जाना ही बिपत्ति है। माता कुन्ती के दुख गुरु और भगवान ही दूर कर सकते है। परमात्मा के पास पहुंचे। तो दुख दूर कर भगवान कर दे। सुख है तो परमात्मा के शरण मे जाय। भगवान को भी धन्यवाद दे।भगवान प्रसन्न होगे। भगवान कान मे अगुली डालकर बैठे। ₹मुझे तू मने बहुत कुछ दिया है तेरा सुकिया



है। क्या थी जमाने मे तेरी मुझे सहारा तेरी बन्दगी का! है जिसका गुजारा जिन्दगी का! तूही सबको देता तूही दिलाता है। निमित्त कुछ हो। हमारी सदबुद्धि बनी रहे। भगवात मे मन लगा रहे। मात्मा को डोर चरणो मे बाध ले। खूटे से बाध है ।बिना खुले भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति नही मिलेगी। युधिष्ठिर रूदन रात मे कर रहे। भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को अट्ठारह हजार श्लोक का उपदेश दिया। अर्जुन को अट्ठारह हजार श्लोक का उपदेश श्रीकृष्ण का याद हो गया ।तो युधिष्ठिर के दिल मे शान्ति नही है। इस नाते युधिष्ठिर की समझ मे नही आया। अखिल ब्रह्मचारी भीष्म बाणो की शैय्या पर लेट है। पितामह ने अर्जुन से कहा। कि अर्जुन ने पितामह से कहा प्रणाम ।पितामह ने अर्जुन से कहा कि सारथी को साथ लाये है। पितामह से अर्जुन कहा कि केशव भी आये है। लेकिन केशव दिखाई नही दे रहे। लेकिन दिखाई नही दे रहे। केशव पितामह के चरणो पर कैसे आये। हे केशव चरणो मे आ जाए केशव दर्शन हो जाए। केशव के आते पितामह को दर्शन हुए। ब्रह्ममण धन भी लेते है। और धन देते है ।ब्राह्मण वह है जो तीन समय गायत्री सुबह, दोपहर, शाम करे। उसे दान करे। गृहस्थ जीवन मे कर्म करे। और दशांश दान करे ।मन अशांत रहता है। भजन-कीर्तन ही मन को एकाग्र हो जाता है। ₹होत त्रिबिध कल्याण ₹पाप देखने और दर्शन से दोष होता है। पितामह ने कहा कि क्यो हसी आ रही है। हंसी क्यो आयी। द्रोपदी ने कहा कि दुष्शान साडी खींच रहे थे। इस प्रकार का धर्म कहा का है। भीख मागी। द्वारिकाधीश ने लाज बचाई। पितामह ने कहा कि₹ जैसे खाओ अन्न वैसे होये मन ₹ अर्जुन ने मेरो रोये रोये मे बाण मारा! पाण्डव को उपदेश दिए। पितामह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण से कुछ मागने की इच्छा है। जीवन कुछ कभी मागा। मै अपने पुत्री का विवाह करना चाहता हू। इति मति रूप से पुत्री से विवाह कर लो। भगवान ब्रह्म ने बुद्धि से किसका विवाह करे। तो ब्रह्म ने अपनी बुद्धि का विवाह गौतम ऋषि से आहिल्या की कर दी। हे प्रभु मेरी बुद्धि रूपी पुत्री जरूर विवाह करेंगे। भक्त की बात जरूर मानेंगे। दुर्योधन से भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि जो मागना हो मांग लो। मै अस्त्र शस्त्र नही युद्ध मे ग्रहण करूगा। दुर्योधन ने भगवान श्रीकृष्ण से सेना मांग लिया। भगवान श्रीकृष्ण से अर्जुन ने सारथी मांग लिया। अर्जुन ने बाण चलाये। पितामह भीष्म बाण पर बाण पर चलाने लगे। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के बिचलित मन देख कर दुखी हो गए। रथ का पाहिया भगवान श्रीकृष्ण ने निकाल कर दौड पडे। पितामह कहते है कि आपके हाथो से मृत्यु चाहते है। ₹तेरी ऑखिया जादू भरी ,सुन मेरे श्याम सलोना,तूने मुझ पर कर दिए टोना,बिहारी जी मै कब से खडी तेरी ऑखिया जादू भरी, !पितामह भीष्म ने अपने प्राण त्याग दिया।द्वारिकाधीश ने दो चार दिन रहे । मथुरा राज भवन पहुंचे। उसके बाद माता केतकी के चरण मे प्रणाम किये। आयु विद्या,यश,कीर्ति अपने आप बढ जाती है।बच्चो को बाल्याअवस्था मे संस्कार वान बनाइये। ईश्वर पर मत्था नही टेकते है। हनुमान जी का नाम नही आजकल बच्चे लेते है। जहा हनुमान जी भजन-कीर्तन हो हनुमान जी लोटपोट हो जाते है। बन्दर तीन खोजते है। जानकी की खोज किये। बुद्धि रूपी जानकी की खोज हनुमान जी ने किया। भगवान श्री राम ने अन्तिम समय मे हनुमान जी को अपनी मुद्रिका उतार कर दे दिया। जब तक मै ना आऊ तब तक बैठे रहना। भक्ति के लिए सागर के किनारे बैठे। जीवन मे यश को बाट दे। कितनी प्रसन्नता होगी। साधक के जीवन मे तीन बाधये आयी। सात्विक बाधा आयी। सोने का पहाड मैनकाक पर्वत को भेजा। हनुमान जी ने मैनाक पर्वत को धन्यवाद करके आगे बढे। तमसी बाधा भी आयी। माता पिता अपने बच्चो को संस्कार दे। हमेशा प्रणाम भव मे रहते है। हमारा देश समर्पण का है। प्रमात्मा से भेट करने के लिए भोग से दूर होना पडेगा। इस तरह से भक्ति आयेगी। सूत जी महराज देखते है कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोद मे पहुंचा। तो सिर पर हाथ फेरा ।और नाम परीक्षित नाम रख दिया। अर्जुन को देखा की तेज नष्ट हो गया। यदुवंश मे आपस मे लड़ाई शुरू हो गया। युधिष्ठिर चितिति हो गए। अर्जुन ने युधिष्ठिर के चरणो पर गिर पडे। भगवान श्रीकृष्ण मुझे छोड़कर चले। श्रीकृष्ण अपनी लीला कर चले गए। कुन्ती बुआ ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण चले गए। कुन्ती ने समधी लगाई

और अपने प्राण त्याग दिये। परीक्षित धीरे धीरे बडे हुए। सोलह साल के बाद पुत्र को मित्र बना ले। उससे सहायता ले। सहयोग ले। परीक्षित का विवाह हीरावती से हुआ। चार पुत्र जन्मेजय सहित पैदा हुए। परीक्षित ने रूप बदल कर प्रजा की हाल जानने के निकलते थे। राजा परीक्षित महराज ने गोशाला मे रूप बदलकर गये। एक मनुष्य से एक बैल (कलयुग)को तीन पैर काट लिया ।परीक्षित ने धनुष बाण निकाल लिया। तो कलयुग ने कहा कि मै कलयुग हू। कलयुग ने चार रहने की याचना की। मरा हुआ समी ऋषि के गले मे डाल दिया। ऋंगी ऋषि ने श्राप दे दिया ।धर्मात्मा राजा परीक्षित है। सन्त तो बिचलित नही होते हम लोग सन्त है। साधु अपनी साधुता दिखाता था ।

राजा परीक्षित से कहा मुक्ति मिलेगी ।भगवान श्रीकृष्ण को प्रशंसा अच्छी नही लगती है। स्मरण करने से मुक्ति जाती है। राजा परीक्षित ने पूछा कि जल्दी मरने वाले व्यक्ति की मुक्ति के उपाय क्या है। कलयुग मे सौ वर्ष है। जो इससे अधिक जीवन जिये योगी पुरुष कहते है। मन बहुत चंचल है। चार चीजो को बस मे कर ले। मन कोअपने बस करे।

एक आसान पर बैठे। तीन घण्टे मे तीन आसान बदले। आपके मन को चरणो मे लगा दो। इस अवसर पर मंच पर स्वामी 1008 श्री हरि चैतन्य ब्रह्मचारी जी महराज,हर्ष चैतन्य जी महराज,स्वामी कटटर जी महराज ,मुख्य यजमान पंडित अवधेश नारायण पाण्डेय,यज्ञ नारायण उपाध्याय,कांग्रेस किसान जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश दूबे, शासकीय अधिवक्ता शिव किशोर शुक्ल , पूर्व अध्यक्ष बार ऐसोसिएशन जिला अमेठी केवल प्रसाद शुक्ल,ठेकेदार के डी मिश्र,बेद प्रकाश मिश्र,राम कमल शुक्ल,जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ पाण्डेय,रोहित कुमार शुक्ल,साधू सिंह,राजपति सिंह,प्रधान संजय सिंह,सतीश मिश्र,सुभाष कुमार मिश्र,बिजय कुमार सिंह,मुन्नू अग्रवाल,जगदीश शुक्ल,जितेन्द्र कुमार तिवारी,बीडीसी अच्छे लाल मौर्य,शिव मंगल तिवारी,सन्त कुमार सिंह,भाजपा भेटुआ मण्डल अध्यक्ष जय प्रकाश तिवारी, मनीष कुमार शुक्ल,अजय पाण्डेय आदि श्रद्धालुओ अमृत वर्षा कथा का श्रवण किया।

# सिखवाल महिला मंडल ऋषि श्रृगं संस्थान ने निकाला विशाल जुलूस





मरूधर विशेष/रवि व्यास

सिखवाल महिला मंडल ऋषि श्रृगं संस्थान ने किया कोटड़ी चारभुजा नाथ की अगवानी और स्वागत गत वर्ष 11 अप्रैल 2022 ऋषि श्रृगं संस्थान मैं श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ संघ तुलसी विवाह अध्यक्ष महोदय श्रीमान किशन जी खाचरोल वालों द्वारा संपन्न कराया गया आज भगवान की वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष में भव्य आयोजन रखा गया जिसमें श्री कोटडी चारभुजा नाथ संग तुलसी मैया पधारे जिनके स्वागत में ऋषि श्रंग संस्थान महिला अध्यक्षा लीला शर्मा के सानिध्य में समस्त महिला मंडल पदाधिकारी डॉ मंजू उपाध्याय विमला देवी कौशल्या पांडे इंदु जी सोनल ओझा रामू देवी तमन्ना देवी सीमा ओझा पूनम ओझा मंजू मैडम नीलेश शर्मा कांता उपाध्याय रेखा शर्मा सीमा शर्मा ममता शर्मा पुष्पा शर्मा राधा शर्मा समस्त महिला मंडल द्वारा भगवान कोटड़ी श्याम चारभुजा नाथ का अगवानी स्वागत सत्कार आरती पूजा संपन्न कराया गया ।

# जनकल्याण के असाधारण कार्यों से मॉडल स्टेट बना राजस्थान

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा जिला प्रभारी मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य है जहां निशुल्क और बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं आमजन को सुलभ हैं। साथ ही बिजली बिल और रसोई गैस में बड़ी राहत देकर आमजन को सुकून दिया है, राजस्थान सही मायने में देश में मॉडल स्टेट बन चुका है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार को कोटा जिले के सांगोद में शहीद हेमराज मीणा महाविद्यालय परिसर में विकसित किए गए पार्क तथा विधायक कोष से कराए गए विकास कार्यों के लोकार्पण एवं खेल मैदान के शिलान्यास समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन के कल्याणार्थ सुविधाएं देने में जुटी हुई है, वहीं कल्याण के लिए महंगाई के इस दौर में आमजन को कैसे राहत दी जा सके इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर राज्य सरकार द्वारा 24 अप्रैल से




महंगाई राहत शिविरों का आयोजन प्रदेश भर में किया जा रहा है। इनमें 10 योजनाओं के लाभार्थियों को इन योजनाओं के बढ़े हुए लाभ मिल सकेंगे। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने महंगाई के दौर में 200 यूनिट बिजली फ्री कर आमजन को बड़ी राहत दी है इससे बहुत से किसानों और आम जन का बिजली बिल शून्य हुआ है। इसी तरह 76 लाख परिवारों को सस्ता गैस सिलेंडर और फूड पैकेट दिए जाएंगे। उन्होंने सांगोद क्षेत्र के विकास कार्यों की खुलकर प्रशंसा की और कहा कि यहां जो कार्य हुए हैं वे असाधारण हैं। उन्होंने कहा कि विधायक भरत सिंह की बड़ी और दूरगामी सोच के कारण आज इस क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है और यह क्षेत्र प्रदेश में एक उदाहरण बन चुका है। प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर मौजूद विशिष्ट अतिथि पीपल्दा विधायक द्वारा उनके क्षेत्र में कराए गए सर्वाधिक पुलिया निर्माण के लिए उनकी सराहना की।

## श्री ऋषभदेव जी महाराज श्वेतांबर जैन मंदिर मूर्तिपूजक संघ कुशलगढ़ बांसवाड़ा पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढ प्राचीन वागोल जी पार्श्वनाथ मंदिर में हुई प्राचीन मूर्तियों की चोरी को पकड़ने के लिए आज श्रीऋषभदेव महाराज श्वेतांबर जैन मंदिर मूर्तिपूजक संघ ने बांसवाड़ा पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह जी को ज्ञापन दिया उसमें उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल 2023 को वागोल जी पार्श्वनाथ तीर्थ पर रात्रि में चोरी की दुखद घटना हुई चोर प्राचीन अष्टधातु की प्रतिमाओं के साथ चांदी के छत्र वगैरा भी ले गए। समाजजनों द्वारा सूचना देने के बाद तथा वीडियो फुटेज उपलब्ध कराने के बाद भी इस दुखद घटना का खुलासा नहीं होना तथा क्षेत्र में पूर्व में भी इसी तरह की अनेक घटना होने के बाद भी कोई खुलासा नहीं होने से जन सामान्य में बहुत ही आक्रोश है। आज अल्पसंख्यक समाज के तीर्थ स्थान सुरक्षित नहीं है अतः इस दुखद घटना का खुलासा होने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया जावे। जैन समाज से अध्यक्ष कमलेश कांवडीया,चंद्रकांत मेहता,पारस भाई सेठिया,पंकज लुणावत ललित गोलेछा आदि ने ज्ञापन दिया।

## वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



नीमराणा। कस्बे के राजकीय सीनियर सेकंडरी विद्यालय के पीछे मंगलवार को फ्यूचर कोचिंग इंस्टिट्यूट सेंटर की 7 वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीमराणा नगर पालिका वाइस चेयरमैन हरि सिंह सैनी व अशोका होटल के चेयरमैन अशोक सैनी, युवा नेता रिंकू बड़सीवाल रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक सैनी व युवा नेता रिंकू बड़सीवाल ने छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा ग्रामीण आंचल में शिक्षा के प्रति जागरूक होकर औद्योगिक क्षेत्र आधुनिक युग में कंप्यूटर का बहुत ज्यादा चलन -प्रचलन है हर क्षेत्र में कंप्यूटर की प्राथमिकता को देखते हुए युवाओं को बेहतर सुविधा के साथ बेसिक कंप्यूटर ,अकाउंटेंट टेली ,आरएससीआईटी, राजस्थान सरकार के द्वारा चला रही जन कल्याणकारी योजनाओं छात्राएं लाभ ले सकती हैं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस कार्यक्रम से पूर्व में कार्यक्रम में 5 साल की छात्रा हर्षिता सैनी के द्वारा के काटकर स्थापना दिवस पर प्रसाद वितरण किया गया इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी निरंजन लाल सैनी, बस्ती राम सैनी रहे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता फ्यूचर कंप्यूटर इंस्टिट्यूट सेंटर के मालिक दिनेश सैनी ने की। अतिथियों का फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया इस मौके पर निरंजन यादव, दीपक नीमोरिया, चेतन, प्रदीप,कृष्ण कुमार, करीना शर्मा, मुस्कान, पायल, निवेदिता, कोमल,अन्य स्टूडेंट रहे मौजूद

## महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



मुंडावर।सोडावास कस्बे के मुख्य बाजार मे ज्योतिबा फुले जयंती कि व्यापारियों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई । जयंती सोडावास बाजार के सामाजिक कार्यकर्ता अमीलाल मेघवाल व सोडावास व्यापार मंडल अध्यक्ष डा, राहुल बाबूलाल चौधरी के नेतृत्व मे फुले की फोटो के सामने दीपक व अगरबत्ति लगाकर मनाई । इस अवसर पर अमीलाल मेघवाल ने कहा की फुले देश में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले ने गरीब, दलित व पिछड़े वर्ग के उत्थान तथा सामाजिक जड़ताओं व कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया । इस मोके पर विजय चंदेला, हनुमान गुर्जर मांची, ख्याली पटेल शामदा, नरेश मेघवाल , डीग राम पालीवाल भैरव राम सैनी, माड़ाराम बधीन, धोलिया बारी, राम सिंह सैन प्रधान, सुनील गोस्वामी ,ताराचंद शर्मा , थावर पंच भजनावास, रामसिंह सैनी, राजू गहलोत, महावीर प्रेम बैरापुर, सुनील सैनी हरसौरा सहित अनेको व्यापारी मौजूद रहे ।

## हर पीड़ित को न्याय दिलाना प्राथमिकता-नवागत प्रभारी निरीक्षक

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



कुड़वार, सुलतानपुर। बीते दिन हुए थाना प्रभारी के स्थानांतरण के बाद नवागत थाना प्रभारी ने मीडिया से मुलाकात में प्राथमिकतायें गिनाई।मंगलवार को नवागत प्रभारी निरीक्षक गौरी शंकर पाल स्थानीय सम्भ्रांत व्यक्तियो व मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने बताया कि थाने पर आने वाली हर छोटी से छोटी समस्या के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। किसी भी पीड़ित के साथ अन्याय बर्दास्त नही किया जाएगा। समाज को चलाने में सम्भ्रांत व्यक्तियो व पुलिस की अहम भूमिका होती है। हम लोगो द्वारा एक दूसरे से मिलकर हर समस्या का समाधान कराया जायेगा। कुछ सम्भ्रान्त व्यक्तियो ने स्थानीय कस्बे में साप्ताहिक बाजार के दिन जाम की समस्या से प्रभारी निरीक्षक को अवगत कराया। जिस पर प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि साप्ताहिक बाजार के दिन बाईपास से भारी वाहनों को निकलवाने की व्यवस्था कराई जाएगी। इस मौके पर प्रधान भदहरा अमर सिंह, प्रधान गंजेहड़ी हसीब, प्रधान इसरौली नरेंद्र मौर्य, प्रधान कोटिया, प्रधान विनायकपुर कल्लूराम, प्रधान प्रतिनिधि कुड़वार अजय यादव, पवन शुक्ला सहित मौजूद रहे।

## राजपूत समाज ने विधायक टांक का किया अभिनन्दन

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अराई। विधायक सुरेश टांक के अराई क्षेत्र के दौरे में राजपूत समाज के लोगों ने राजपूत सभा भवन परिसर में एक सादे समारोह में अभिनंदन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के राजपूत सिरदारो ने विधायक टांक को माला ओर साफ बंधन कर स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए टांक ने कहा कि अराई क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अराई-किशनगढ़ सड़क तीव्र गति से निमार्णाधीन है। ये सड़क जल्द बनकर जनता को समर्पित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अराई-किशनगढ़ सड़क क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

## योगी सरकार के आदेशो का सरकारी मशीनरी पर असर नहीं

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी,उ.प्र.की योगी सरकार समय समय पर जन सुनवाई सहित तमाम आदेश जारी करती रहती है पर उस पर कितना अमल हो रहा है इसे देखने वाला कोई नहीं है लखनऊ से चलने वाले आदेश का वही हाल है जैसे एक बार राजीव गांधी ने कहा था कि दिल्ली से एक रुपए भेजता हूं तो 15 पैसे ही अमेठी पहुंचता है।योगी जी कहते हैं कि मैंने आदेश दिया है कि सारे अधिकारी सुबह 9बजे से जन सुनवाई करेंगे पर हकीकत यह है की 11 बजे से पहले अधिकारी अपने आफिस नहीं पहुंचते हैं कर्मचारी भी कम नहीं वह भी 10.30 से 11 बजे तक आराम से आते हैं कर्मचारी से देरी की बात करेंगे तो बतायेंगे साहब ने बुला लिया था और अगर साहब से बात कर लिए तो बतायेंगे मीटिंग में था .. .थाने में जाने पर वहां पर तफडी का माहौल देखने का मिलता है वहां पर तो 10बजे सुबह खबर मिलेगी बड़े साहब हो रहे हैं रात में देर से आये थे .10 अप्रैल को कुछ विभागों में कुछ कारण बस जाने का अवसर मिला तो उपरोक्त हकीकत देखने को मिली।एक बड़ा सवाल यह भी की जनसुनवाई के समय मैं बैठकें होती क्यो है ??? दूर दराज इलाकों से लोग अपनी फरियाद लेकर पहुचते है ऐसे में वहां अधिकारियों व कर्मचारियों का न मिलना इस बात की गवाही देता है कि योगी सरकार का आदेश सरकारी मशीनरी नहीं मानती है।

# क्राइम पड़ताल : जयपुर उत्तर पुलिस आयुक्तालय बालश्रम पर बड़ी कार्यवाही

**मरुधर विशेष/महावीर सिंह सॉंचोरा**

### आठ बालश्रमिक को करवाया मुक्त



पुलिस थाना शास्त्री नगर जयपुर (उत्तर) बालश्रम करवाते हुये एक अभियुक्त व एक मकान मालिक गिरफ्तार 08 बालश्रमिक करवाये मुक्तश्रीमती राशि डोगरा डूडी आई. पी. एस. पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) के निदेर्शानुसार अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर - क्क) श्री धर्मेन्द्र सागर के निर्देशन में श्री महेन्द्र गुप्ता आर. पी. एस. सहायक पुलिस आयुक्त वृत शास्त्री नगर जयपुर (उत्तर) के सुपरविजन में श्री दिलीप सिंह शेखावत पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना शास्त्री नगर जयपुर (उत्तर) के नेतृत्व में दिनांक 10-04-2023 को श्री भंवर सिंह उप निरीक्षक मय जाप्ता श्री जयप्रकाश हेड कॉन्स्टेबल, श्री सुनील कुमार कॉन्स्टेबल।, श्री विनोद कुमार कानि. तथा मानव तस्करी विरोधी युनिट जयपुर (उत्तर) से श्री विनोद कुमार कानि. मय आमदा टीम श्री दीप बनर्जी, सुनन्द सिंह स्टेट कोर्डिनेटर बचपन बचाओ आन्दोलन एवं जयाशशी, पार्वती कंवर, दीपक सहायक परियोजना अधिकारी बचपन बचाओ आन्दोलन की टीम का गठन किया गया तथा थाना हाजा इलाका में म.न. ए 144 आईशा मस्जिद के पास जंगलात की चौकी नाहरी का नाका पुलिस थाना शास्त्री नगर जयपुर से बालश्रम करवाते हुये 08 बच्चो को दस्तयाब किया गया तथा बालश्रम करवाने वाले आरोपी सईद आलम पुत्र श्री मो. अयुब जाति शेख मुसलमान उम्र 32 साल निवासी सरौजी टेऊशा थाना महकार जिला गया बिहार हाल किरायेदार म.न. ए 144 आईशा मस्जिद के पास जंगलात की चौकी नाहरी का नाका पुलिस थाना शास्त्री नगर जयपुर व मकान मालिक मो. शमशेर आलम पुत्र श्री मोहम्मद समीम जाति शेख मुसलमान उम्र 39 साल निवासी म.न. 54 लक्ष्शु विगहा ग्राम डिआय थाना महकार जिला गया बिहार हाल निवासी म.न. ए 144 आईशा मस्जिद के पास जंगलात की चौकी नाहरी का नाका पुलिस थाना शास्त्री नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही पर थाना हाजा पर मुकदमा नम्बर 163/ 2023 धारा 370 (5), 344,374, 109 क्ढउ व 75, 79 किशोर न्याय व बालको की देखरेख संरक्षण अधिनियम 2015 व 3/14 बाल श्रम प्रतिषेध विनिमयन अधिनियम 1986 व 16, 17.18 बंधित श्रम पद्धति एवं ( उत्सादन) अधिनियम 1976 में दर्ज किया जाकर प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# आदिवासी आरक्षण मंच ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन दी बड़े महाआंदोलन की चेतावनी दी

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढः आज दिनांक 11 अप्रैल 2023 मंगलवार को आदिवासी आरक्षण मंच ब्लॉक कुशलगढ़ की बैठक माता मगरी परिसर कुशलगढ में संपन्न हुई। बैठक से पूर्व ज्योतिबा फुले को याद किया गया। इसके पश्चात आदिवासी आरक्षण मंच के बैनर तले टीएसपी क्षेत्र में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण लागू करवाना, जनजाति वर्गों को देय 12% आरक्षण में से टीएसपी क्षेत्र में 6.5%आरक्षण लागू करना और राज्य सरकार की समस्त भर्तियों में न्यूनतम बाध्यता का कोटा पूर्णता समाप्त करने की मांग को लेकर के चर्चा की गई। बैठक में ज़िला स्तरीय डा भीमराव अंबेडकर जयंती कुशलबाग मैदान बांसवाड़ा में मनाए जाने , युवाओं को बड़ी संख्या में एक मंच पर लाने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन करते हुए केसर सिंह डामोर ने बताया कि राज्य सरकार के सामने हमारी मुख्य रूप से दो मांगे हैं जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण और राज्य सेवाओं में आरक्षण और ज्वलंत मुद्दा न्यूनतम बाध्यता का कोटा टीएसपी क्षेत्र के अंदर समाप्त करना सरकार को हमारी मांगे किसी भी परिस्थिति में मान लेनी चाहिए। केंद्रीय कमेटी सलाहकार प्रो कमलकांत कटारा ने बताया की बाबासाहेब अबेडकर जयंती को एक महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। आदिवासी आरक्षण मंच उस दिन बड़े महाआंदोलन की घोषणा करने का निर्णय लिया गया है। आदिवासी आरक्षण मंच के महाआंदोलन को सफल बनाने के लिए हर ग्राम पंचायत के अनुसार कमेटिया बनाने का निर्णय लिया गया। जिला कमेटी सदस्य दिनेश राणा ने बताया की सरकार को हमारी मांगे बहुत ही तीव्र गति से पूरी करनी चाहिए हमारे क्षेत्र मैं जनजाति वर्ग को उनका पूरा हक मिलना चाहिए । ज़िला कमेटी सदस्य कांतिलाल गरासिया ने बताया की अब समय आ गया है आंदोलन पुरी ताकत के साथ किया जाएगा पूर्व सरपंच देवी सिंह कटारा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक बाद तहसीलदार को उनके निवास स्थान पर जाकर के ज्ञापन दिया गया ज्ञापन देने वालों में जिला कमेटी सदस्य बलवंत जी मसार, कैलाश लासून देवीसिंह कटारा, धीरज डामोर, कालू सिंह डिंडोर, शंभू सिंह डामोर ,प्रकाश मईडा, विजय डामोर राकेश डामोर,नेवचंद डामोर, अश्वीन डामोर,पिंतेश देवदा,कुलदीप डामोर पिंटू लाल मईडा, प्रवीण मईडा, दल सिंह डामोर आदि उपस्थित थे। यह जानकारी ब्लॉक संयोजक दिलीप वसुनिया ने दी।

# नसीराबाद नगरपालिका मे विशाल भजन संध्या का हुआ आयोजन

### भजन संध्या मे राष्ट्रवादी भजन सम्राट माली ने दी शानदार देशभक्ति प्रस्तुतियां




नसीराबाद - अजमेर ब्यूरो/राहुल कुमार वर्मा नसीराबाद नगरपालिका में सोमवार को एक विशाल भजन संध्या का शानदार आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम नगरपालिका के सेक्टर संख्या 4 हाउसिंग बोर्ड कालोनी मे रात्रि 8 बजे से प्रारम्भ हुआ। जिसमे मुख्य आमंत्रित कलाकार राजस्थान की शान, राष्ट्रवादी भजन सम्राट प्रकाश माली ने सर्वे प्रथम गणेश वन्दना, बालाजी, भैरु जी, श्याम भजनो की शानदार प्रस्तुति के पश्चात देश प्रेमी गीत यह है देश वीर जवानों का अलबेलो का मस्तानो का, मेरे देश के वीरो, क्या कहना पर दर्शक दोनो हाथों से तालिया बजाते हुऐ झुम उठे। कार्यक्रम मे माली ने एक से बढकर एक शानदार देश भक्ति प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान आये समाजसेवी भवंरसिह पलाडा, ब्यावर चैयरमैन नरेश कनोजिया, देराठू सरपंच विजेन्द्र सिह राठौड़, झडवासा सरपंच भवंरसिह राठौड़, नान्दला सरपंच मानसिंह रावत के साथ भजन सम्राट प्रकाश माली का नगरपालिका चैयरमैन अनिता मित्तल, उपाध्यक्ष शम्भू साहू, पार्षद महावीर टांक, महेन्द्र डाबी, दीपक साहू, सत्यनारायण शर्मा, समाजसेवी प्रदीप मित्तल ने स्वागत किया। आयोजित हुई इस विशाल भजन संध्या के लिये नगरपालिका नसीराबाद की अध्यक्ष एंव पार्षदगण द्वारा तैयारियों की गई। वही पालिका द्वारा विशाल क्षेत्र मे टेन्ट व्यवस्था के साथ आयोजन में बाहर से पधारने वाले अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवको, प्रबुद्धजनों, महिलाओं एवं पुरूषों के बैठने हेतु अलग - अलग स्थान चिन्हित कर व्यवस्था बनाई। जिसमे अधिशासी अधिकारी भगवतसिंह परमार के निदेर्शानुसार भजन संध्या में पधारेने वाले सभी भक्तगणो के बैठने के लिये अलग - अलग व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में पीने के पानी एवं पार्किंग की भी उचित व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा आयोजन में नसीराबाद सिटी थाना, सदर थाना पुलिस जाप्ता व चिकित्सा व्यवस्था का भी प्रबन्ध किया गया था। जिसमे नगरपालिका के कार्मिक हरिराम सैनी, अक्षय सोनी, आकाश घुस्सर, उपदेश कुमार शर्मा आदि का भी विशेष सहयोग रहा।

# तिजारा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**




तिजारा - सामाजिक व शैक्षणिक क्रांति के प्रणेता व महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले का जयंती समारोह अलवर रोड स्थित सैनी विकास मंडल में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया ! प्रातः 7:00 बजे हवन के साथ जयंती समारोह पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए ! सर्वप्रथम सैनी समाज के प्रधान कृष्ण सैनी के नेतृत्व में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गयामहात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ! सैनी विकास मंडल की भूमि को दान करने वाले संत बाबा मनोहर नाथ की ज्योति प्रज्वलित की गई ! प्रातः 9:00 बजे युवाओं द्वारा विशाल बाइक संदेश रैली निकाली गई जिसमें सभी समाज के हजारों लोग बाइक पर , पैदल तथा गाड़ियों से गले में दुपट्टा पहनकर व हाथ में झंडा लेकर महात्मा ज्योतिबा फुले , माता सावित्रीबाई फुले , भीमराव अंबेडकर तथा भारत माता के जयकारे लगाते हुए साथ चल रहे थे ! फूले दंपत्ति को भारत रत्न सम्मान मिले इसके लिए उपखंड अधिकारी को केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया ! विकास मंडल तिजारा की ओर से सैनी विकास मंडल अलवर रोड पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये ! इस अवसर पर सैनी समाज के भामाशाहों व सहयोगियों को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया !विचार गोष्ठी में चिरंजी लाल सैनी , हनुमान प्रसाद नेताजी , कमलेश कुमार सैनी , इंदर सिंह दहिया , ठाकुर सिंह पालीवाल आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए ! वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले को आधुनिक भारत में पुनर्जागरण के पितामह बताया तथा उनके द्वारा शिक्षा व समाज सुधार के क्षेत्र में किए गए योगदान को याद किया और बताया कि समाज में व्याप्त बुराई को दूर करने , नारी उत्थान , दलितों और पिछड़ों को उनके मौलिक अधिकार दिलाने के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले ने जीवन भर संघर्ष किया ! इस अवसर पर प्रजापति समाज के अध्यक्ष सतपाल प्रजापति , वाइस चेयरमैन हरीश सांवरिया , संदीप दायमा , मामन सिंह यादव , हर्ष यादव , सीताराम गोठवाल , पूर्व चेयरमैन रामेश्वर सैनी , देहरा जैन मंदिर अध्यक्ष मुकेश कुमार जैन , महंत जस्सू महाराज , डीके यादव , राजकुमार यादव श्यामलाल आर्य, पूर्व वाइस चेयरमैन बने सिंह बिधूड़ी आदि लोग अतिथि के रूप में उपस्थित रहे !भोम सिंह सैनी , अशोक कुमार सैनी , मदन लाल सैनी , करण सैनी , भूपेंद्र सैनी , जसवंत सिंह सैनी , सुरेश चंद सैनी , सतपाल सैनी , कर्मवीर सैनी , अनिल सैनी , सुभाष सैनी , संजय सैनी आदि पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का माला , साफा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया ! इस अवसर पर लालाराम सैनी , पदम चंद सैनी , कैप्टन कैप्टन श्योनारायण सैनी , प्रेम सैनी , राकेश पत्रकार , विक्रम पत्रकार , लक्ष्मण सैनी , नत्थू राम सैनी , सतीश पार्षद , मोहन लाल सैनी , नवल सैनी , राम सिंह सैनी , सुभाष चंद सैनी विनोद दहिया, गुलशन जाजोरिया आदि लोग मौजूद रहे !

मंच संचालन एडवोकेट पुरुषोत्तम सैनी व उग्रसेन सैनी अध्यापक द्वारा किया गया !अंत में सभी लोगों को आभार व्यक्त किया !

## पता है,.....कौन हो तुम(कविता )

भावना गौतम जानी



जानती हो तुम कौन हो..
जरा इतिहास के पन्नों मे झाँको..
प्रेम करो तो राधा जैसी,
स्वामी भक्ति करो पन्नाधाय जैसी,
देश के लिए लड़ो तो झांसी की रानी जैसी,
सब्र करो तो शबरी जैसी,
पतिव्रता बनो सावित्री जैसी,
भक्ति करो तो मीरा जैसी,
धोखा मिले,लेकिन सजा भी तुम्हें मिले तो अहिल्या जैसी,
बात आये पति का साथ देने की तो तुम हो सीता जैसी,
जब करना हो विनाश पाप का तो तुम हो काली जैसी,
विराट छवि की धनी हो तुम,
दुर्गा का रूप हो तुम,
तो क्यों कभी कभी अपने इन किरदारों को भूल जाती हो तुम,
भूल कर अपना अस्तित्व
क्यों किसी और की भ्रामक बातों मे आकर 35 टुकड़ो मे फ्रिज मे पाई जाती हो तुम।

## कुशलगढ़ श्वेतांबर जैन महिला परिषद द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढ़ःआज गांधी चौक जयंतविहार में अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन महिला परिषद कुशलगढ़ के बैनर तले परम पुण्य सम्राट राष्ट्रसंत श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरी महाराज साहबकी वार्षिक षष्टम पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर महिला परिषद द्वारा कराया गया। रक्तदान शिविर के शुभारंभ पर छोटी सरवा निवासी संजय खमेसरा सोनू खमेसरा ने अपना रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में महिलाओं ने और पुरुषों ने बड़ी संख्या में लोगों ने अपना रक्तदान किया शिविर के लाभार्थी राजेंद्र कोठारी दिनेश कोठारी गौरव ऋषभ कोठारी परिवार बसी वालों ने रक्तदान शिविर का लाभ लिया कार्यक्रम की अध्यक्षता मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष कमलेश कावड़िया मुकेश लुणावत राजेंद्र कोठारी पार्षद महावीर कोठारी जोशना पंड्यामहिला परिषद के अध्यक्ष डिंपल नाहटा आदि द्वारा गुरुदेव के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की कार्यक्रम में महिला परिषद द्वारा ब्लड डोनेट करने वाली महिलाएं आरती बाफना पूर्वी चोर्डिया गरिमा मेहता सोनू खमेसरा दिव्या लालवानी आदि ने भी ब्लड दिया महिला परिषद की सोनम नाहटा रंजना नाहटा सुशीला मेहता श्रद्धा चंडालिया ममता गा दिया स्वाति गाड़ियां राजकुमारी जोशना चंडालिया अर्चना चंडालिया तलिका नाहटा निकिता मेहता नेहा सोलंकी शानू चंडालिया हेमा लुणावत राजश्री बम मुकेश नाहटा आशीष नाहटा अंकित नाहटा अनिल नाहटा पंकज लुणावत और बांसवाड़ा से आए बांसवाड़ा से आए विश्वास डोडिया राकेश भावसार विक्रम सिंह सिसोदिया जितेंद्र सिंह राकेश रामा भाई महिंद्र नाहटा आदि द्वारा विशाल रक्तदान शिविर में अपना सहयोग दिया कार्यक्रम में श्वेतांबर जैन समाज के अलावा अन्य समाज के महिला पुरुष और नगर के कई लोगों ने रक्तदान करने में रुचि दिखाई कार्यक्रम श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ महिला परिषद द्वारा कराया गया। ये जानकारी तर्लिका नाहटा ने दी।

## समाज सुधारक ज्योति बा फुले की जन्म जयंती पर मोटागाव में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



बांसवाड़ाः सपना फाउंडेशन की मुहिम हर घर रक्तवीर के तहत आज मोटागाव में राज भोई माली समाज एवं सपना फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में समाज सुधारक ज्योति बा फुले की 196वी जयंती के उपलक्ष्य में एक विशाल रक्तदान शिविर के आयोजन किया गया जिसमे सत्तावन रक्तवीरो द्वारा रक्तदान किया गया तथा साथ ही बीस रक्तवीरो द्वारा भविष्य में रक्तदान करने की शपत ली गई।आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान सुरेंद्र सिंह चौहान, मुख्य अतिथि रूपलाल मीना मोटागाव थानाधिकारी,अति विशिष्ट अतिथि आश्रय सेवा संस्थान बांसवाडा के नरोत्तम पंड्या, दैनिक नवज्योति संपादक दीपक श्रीमाल, विशिष्ट अतिथि ठाकुर साहब पृथ्वी पाल सिंह चौहान, उपप्रधान मांगीलाल जैन, रमेश घाटोल प्रदेश उपाध्यक्ष,नटवर लाल भोई, मोहन, नाथूलाल, शंकरलाल, रहें।रक्तदान शिविर में जमना बा फाउंडेशन के संस्थापक राहुल घामोट सुंदनी द्वारा पच्चीस वी बार, दिक्षित दर्जी मोटागाव द्वारा सातवी बार, नरेंद्र जी दहिया अमर सिंह का गड़ा द्वारा अपने भाई मिथुन दहिया के साथ पांचवी बार, कमलेश भाई बस्सीआडा द्वारा दूसरी बार रक्तदान किया गया। आज के रक्तदान ने नारी शक्ति का विशेष योगदान रहा तथा ललिता भोई, निर्मला भोई चौकड़ी, रानी भोई, मोती भोई, सूर्या भोई मोटागाव द्वारा रक्तदान किया।

## महात्मा ज्योतिबा फुले की 196 वी जयंती मनाई



नसीराबाद - अजमेर ब्यूरो/राहुल कुमार वर्मानसीराबाद में मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष शारदा मित्तल वाल रही। जिन्होंने सर्वप्रथम महात्मा फुले की फोटो पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर नमन किया और बताया कि महात्मा फुले ने भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और बाल विवाह का विरोध और विधवा विवाह का समर्थन किया और उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर शिक्षा के अधिकार के लिए लड़े और समाज सुधार कार्य किया। जयंती के अवसर पर राजस्थान सरकार द्वारा राजकीय अवकाश घोषित करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी के साथ कार्यक्रम का संचालन अंबेडकर महासंघ के पूर्व अध्यक्ष मुक्ति लाल डाबी द्वारा किया गया। उन्होंने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में गजानंद शर्मा, भगवानदास अतिथि रहे। इस दौरान जगमोहन सैनी, विष्णु माली, पार्षद प्रशांत मेहरा, एडवोकेट राजेश गोमा, हरीश गोमा, किशन लाल सैनी, बंसी लाल , सचिन यादव, सुरेश कनौजिया, राकेश जांगिड़, पप्पू जांगिड़, देवाराम सैनी, विजय कुमार, हरी मेघवंशी, रामचंद्र सामरिया, अल्ताफ हुसैन, राजू जाट, इश्तियाक अहमद, राजेश माली मुन्ना आदि मौजूद रहे।

## बांसवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक अभिजीतसिंह जी ने कुशलगढ़ क्षेत्र के प्रसिद्ध वागोल पारसनाथ मंदिर तीर्थ घटनास्थल का मौका मुआयना कर निरीक्षण किया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढ़ः आज बांसवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक अभिजीतसिंह जी ने कुशलगढ़ क्षेत्र के प्रसिद्ध वागोल पारसनाथ मंदिर तीर्थ घटनास्थल का मौका मुआयना कर निरीक्षण किया और समाज के लोगों से चोरी को लेकर समाज के अध्यक्ष जयंतीलाल सेठ और मंत्री हसमुखलाल सेठ से चोरी की जानकारी ली और एसपी अभिजीत सिंह ने समाज जनों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही चोरी का खुलासा किया जाएगा। वागोल पारसनाथ मंदिर से पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह पहुंचे कुशलगढ़ पुलिस थाने का निरीक्षण किया। और संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर स्थिति का जायजा लिया। कुशलगढ़ पुलिस थाने पर श्वेतांबर जैन मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष कमलेश कावड़िया,पंकज लुणावत,पारस सेठिया ललित गोलेछा,चंद्रकांत मेहता द्वारा बांसवाड़ा पुलिस अधीक्षक को वागोल तीर्थ पर हुई चोरी की घटना को लेकर चोरों को पकड़ने को लेकर ज्ञापन सौंपा। वही बांसवाड़ा एसपी से कुशलगढ़ पत्रकार संघ के अरुण जोशी,सुनील शर्मा ललित गोलेछा,पंकज लुणावत,परीक्षित पंचाल आदि द्वारा वागोल तीर्थ पर चोरी की वारदात को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया।

## वंदे भारत ट्रेन का आज खैरथल में होगा भव्य स्वागत

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**

खैरथल 11 अप्रैल। वंदे भारत ट्रेन का आज बुधवार को खैरथल में स्वागत किया जाएगा । रेलवे के सीएम आई रामवीर यादव व मोहन लाल मीणा ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन लगभग दोपहर 1:30 बजे आएगी । इस दौरान स्टेशन पर बनाए गए स्वागत स्टेज पर स्थानीय इन्द्रा हैप्पी स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गान व सांस्कृतिक प्रोग्राम किए जाएंगे। सी एम आई ने बताया कि ट्रेन के स्वागत के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि रेलवे के अधिकारी स्कूली बच्चे सहित आमजन मौजूद रहते हुए ट्रेन का अवलोकन कर सकते हैं । ट्रेन के स्वागत कार्यक्रम के तहत ट्रेन 5 से 10 मिनट तक का स्टॉपेज रहेगा।

## पटरंगा पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

मवई अयोध्या ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने टीम गठित कर न्यायालय में चल रहे मुकदमे में वांछित तीन वारंटी अभियुक्त बाबू लोनिया पुत्र गोविंद मुङ्गअङ्गसंङ्ग 188/01 धारा 357/380 थाना पटरंगा एवं शाहपुर थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी,राम केवल पुत्र अलगू निवासी शाहपुर थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी व अलगू पुत्र तुलसी राम निवासी शाहपुर थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।




## बैसाखी पर्व को लेकर पंजाबी समाज की बैठक संपन्न

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल 11 अप्रैल। पंजाबी समाज खैरथल की ओर से बैसाखी पर्व धूम धाम से 14 अप्रैल को पंजाबी भवन खैरथल में मनाया जायेगा ।जिसमे सुबह पाठ साहब का आयोजन होगा उसके बाद परशाद वितरण होगा दोपहर 12 बजे भोग लगाकर लंगर शुरू किया जाएगा ।यह जानकारी समाज के प्रवक्ता एवं खैरथल प्रेस क्लब अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार संघ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष पंकज खुराना के द्वारा दी गई है । बैठक में पंजाबी समाज के अध्यक्ष रोहताश अरोड़ा, गोविंद राम सोनी ,कश्मीरी लाल छाबडा ,पप्पी तनेजा , प्रदीप मलीक, सुरजीत मदान, विक्की वासुदेव ,कपील शर्मा, प्रतीक, वासुदेव अदलखा, भारत ,महेंद्र छाबडा आदि मौजूद रहे।

## खैरथल क्रय विक्रय सहकारी समिति के रोहिताश्व चौधरी अध्यक्ष व जयदयाल गुर्जर उपाध्यक्ष चुने गए

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल 11 अप्रैल। दी खैरथल क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. कराए गए चुनाव में रोहिताश्व चौधरी ( राजवाड़ा वाले )को अध्यक्ष व जयदयाल गुर्जर उपाध्यक्ष पदों पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा सहित उपस्थित लोगों ने फूल माला पहनाकर बधाई दी ।समिति के मुख्य प्रबंधक रामस्वरूप संधु ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी सहायक रजिस्ट्रार अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि राजेश भारद्वाज द्वारा सभी आठ संचालकों के चुनाव संपन्न करवाने के बाद मंगलवार को समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण की,जिसमें दोनों पदों के लिए एक एक उम्मीदवार द्वारा पर्चा दाखिल कराया गया ।ऐसे में नाम वापस लेने के निर्धारित समय उपरांत निर्वाचन अधिकारी राजेश भारद्वाज द्वारा रोहिताश्व चौधरी को निर्विरोध अध्यक्ष और जयदयाल गुर्जर को निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया।



## महात्मा ज्योतिबा राव फूले की जयंती मनाई

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल 11अप्रेल । भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर के आर्दश व गुरु महात्मा ज्योतिबा राव फूले की 201 वीं जयंती कार्यक्रम कस्बे के हरसोली रोड स्थित अम्बेडकर चौराया पर हर्शोल्लास से जाटव समाज द्वारा मनाई गई। इस मौके पर महात्मा ज्योतिबा राव फूले की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा राव फूले के जीवन पर प्रकााश डालते हुए उनके बारे में बताया। कार्यक्रम में खैरथल जाटव समाज अध्यक्ष राजेन्द्र रसगोन,श्रम विभाग सलाहकार समिति सदस्य एवं कांग्रेश के जिला सचिव दौलत नागर , मनोनीत पार्षद एवं समाजसेवी रामचन्द्र कामरेड ,श्रीमती सरोज प्रताप,श्रीमती निक्की प्रजापति, कृष्ण कुमार, ठाकुर दास , सहायक लालाराम, कनिष्ठ अभियंता मोतीलाल वर्मा,पतराम मास्टर, मनोज बुराडिया आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**

कामां :कामां कस्बे में पहाड़ी रोड स्थित सैनी समाज छात्रावास कामां पर सैनी समाज कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष वैद्य रूपबसन्त सैनी के नेतृत्व में सैनी समाज द्वारा समाजिक क्रान्ति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की 197वीं जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। समाज के लोगो द्वारा महात्मा फुले की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई ।महात्मा फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पूर्व पार्षद शिवराम सैनी ने कहा कि महात्मा फुले ने सामाजिक क्रांति का सूत्रपात किया था और सामाजिक भेदभाव के अंत की शुरूआत की गई थी ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले को साथ लेकर आधुनिक भारत में सर्वप्रथम नारी शिक्षा की शुरूआत की थी। समाज के दबे कुचले, शोषित, वंचित, गरीब लोगों को शिक्षा के माध्यम से मुख्य धारा में लाने की शुरूआत की थी`इस अवसर पर सैनी समाज कल्याण परिषद जिलाध्यक्ष रूपबसन्त सैनी,संस्था सचिव मुकेश सैनी , पूर्व पार्षद शिवराम सैनी,पूर्व पार्षद तेजसिंह सैनी, छगन बाबूजी, देवेंद्र इंजीनियर, मुकेश सैनी, भूपेंद्र सैनी,सैनी समाज कल्याण परिषद पूर्व जिलाध्यक्ष सर्वेश सैनी मौजूद थे वहीं दूसरी ओर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष याकूब खान, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष प्रदीप गोयल ,अफजल सबलाना ,पार्षद प्रतिनिधि सोनू सैनी, भाजपा शहर मंडल महामंत्री गोपाल जाटव ,पूर्व पार्षद चंदन सिंह जाटव, सहित सर्व समाज के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद कियो




# ज्योतिबा फुले जयंती पर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

नीमराणा ।महात्मा ज्योतिबा फुले विकास कमेटी की ओर से ज्योतिबा की 196वीं जयंती मंगलवार को कस्बा के होली टीबा पर समारोह पूर्वक मनाई गई ।जिसमे समाज के 50 सैनी समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं राज्य स्तर खिलाड़ियों का सम्मान किया।

यह कार्यक्रम सैनी समाज के सानिध्य में आयोजित होगा यह जानकारी महात्मा ज्योतिबा फुले कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष थावरमल सैनी व परमानंद सैनी ने बताया समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें नमन। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंडावर विधायक मनजीत धर्मपाल चौधरी, महात्मा ज्योतिबा राव फुले ब्रिगेड के चंद्र प्रकाश सैनी,अशोक सैनी, उप चेयरमैन हरिसिंह सैनी, ने चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पवन सैनी, राजवीर सैनी बिजवाड़, राजपाल सैनी ,गोविंद सैनी,राम सिंह उपसरपंच, पूर्व सरपंच अशोक मुद्गल, डीलर किशन लाल योगी जिला अध्यक्ष सुरेशचंद्र रेवाड़ीया, राम अवतार सैनी कोटपूतली, रहे कार्यक्रम में वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले ने शिक्षा के प्रति महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए घर-घर ढाणी ढाणी जाकर शिक्षा की ज्योति जला कर लोगों को जागरूक किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंदिर धर्मपाल चौधरी व समाजसेवी अशोक सैनी ने ग्रामीण व युवाओं को संबोधित करते हुए कहा समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा का मूल मंत्र दिया जिससे कमजोर वंचत के लोग को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़कर सहभागिता निभा सके। प्रिंसिपल शिक्षाविद मोहन लाल सैनी व युवा समाजसेवी दिनेश सैनी फ्यूचर कोचिंग सेंटर ने महात्मा फुले ने छुआछूत, जातिप्रथा एवं पर्दाप्रथा जैसी कुरीतियों के विरुद्ध संगठित एवं शिक्षित समाज की स्थापना की थी हमें समाज से कुरीतियों को दूर करने एवं शिक्षा के अधिकारों को मिटाते हुए एक विकसित एवं समृद्धशाली राष्ट्र का निर्माण करने में सहभागिता निभाए ।कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा गरीब नाथ आश्रम के महंत ईक सारनाथ महाराज ने की। महेंद्र यादव राम जी एंड पार्टी के द्वारा देश भक्ति सांस्कृतिक प्रोग्राम किया इस कार्यक्रम में सैनी समाज की कंचन सैनी खैरथल सिरसासन विश्व के दूसरे स्थान पर रिकॉर्ड धारी को विधायक के द्वारा सम्मानित किया गया राज्य स्तरीय हर्षिता सैनी,मोनिका सैनी को भी सम्मानित किया गया मंच का संचालन सुरेश सैनी के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिराव फुले समिति के नंदलाल सैनी दैनिक भास्कर,शिक्षाविद मोहनलाल सैनी वेद प्रकाश सैनी, कुंवर सिंह सैनी ने अतिथियों का फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया कार्यक्रम से पूर्व में महात्मा ज्योतिबा राव फुले की प्रताप सिंह पुरा से ट्रैक्टर ट्रॉली झांकी के रूप में मुख्य मार्गो से होते हुए नीमराणा पहुंची जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया इस मौके पर चंदन सैनी, भज्जू सैनी, रमेश चंद सैनी,दलीप सिंह सैनी, कैलाश चंद सैनी,हरिसिंह सैनी शाहजहांपुर, यादराम सैनी, नंदलाल सैनी, कुंवर सिंह सिंह सैनी,शिक्षाविद मोहन लाल सैनी, दिनेश सैनी, राम सिंह सैनी, नवीन सैनी,राकेश खंडेलवाल, सैनी समाज के युवा महेश सैनी, संदीप सैनी, चरण, राहुल, विनोद, अन्य ग्रामीण रहे मौजूद।




# धूमधाम से मनाई ज्योतिबा फुले की 196 वीं जयंती

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

कस्बे के महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक उत्थान संस्थान कोठाला कुआं पर मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 196 वीं जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान सर्व समाज के लोगों ने माता सावित्री बाई फुले और ज्योतिबा फूले के चित्र पर माला और पुष्प अर्पित कर नमन किया। इससे पहले ज्योतिबा फुले समिति अध्यक्ष रामावतार सैनी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज सुधारक, विचारक, लेखक और दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें नमन करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि ज्योतिबा फुले ने महिलाओं व दलितों के उत्थान के लिए कई कार्य किए।

बानसूर - कस्बे के महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक उत्थान संस्थान कोठाला कुआं पर मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 196 वीं जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान सर्व समाज के लोगों ने माता सावित्री बाई फुले और ज्योतिबा फूले के चित्र पर माला और पुष्प अर्पित कर नमन किया। इससे पहले ज्योतिबा फुले समिति अध्यक्ष रामावतार सैनी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज सुधारक, विचारक, लेखक और दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें नमन करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि ज्योतिबा फुले ने महिलाओं व दलितों के उत्थान के लिए कई कार्य किए। दलितों के प्रति भेद-भाव समाप्त कर उन्हें समाज में स्थान दिलाने के लिए महात्मा फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की। उन्होंने न सिर्फ महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया, बल्कि अपनी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले को भी शिक्षा दिलाई ।जिससे वे भारत की पहली अध्यापिका बनीं। महात्मा फुले समाज को अंधविश्वास और कुप्रथाओं से मुक्त करना चाहते थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित, जाति ,व्यवस्था और उस पर आधारित भेदभाव के प्रबल विरोधी थे। उन्होंने समाज को कुरीतियों से मुक्ति दिलाने के लिए सभी वर्गों की शिक्षा पर बल दिया। और कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन और विचार मूल्य हमें मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। इस दौरान समाज के भामाशाह मास्टर अमीचंद सैनी और ताराचंद सैनी का फूल माला और साफा पहनाकर सम्मान किया। साथ ही महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर सार्वजनिक राजकीय अवकाश घोषित करने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उद्योग व देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत का आभार प्रकट किया। सैनी महासभा अध्यक्ष सुरेश चन्द सैनी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने पर पुरे समाज में खुशी का माहौल है।

इस दौरान सैनी महासभा समिति अध्यक्ष सुरेश सैनी, पांचुराम सैनी, भामाशाह अमीचंद सैनी,भामाशाह ताराचन्द सैनी, नगरपालिका वाइस चेयरमैन बनवारी लाल सैनी,समाजसेवी निरंजन सैनी, मुकेश सैनी , रामधन सैनी, धर्मपाल सैनी, भाजपा नेता महेश कटारिया,पूर्व सरपंच मंगल राम सैनी, अशोक सैनी अध्यापक,शंकर लाल सैनी, सचिव विजय सैनी,हजारी सैनी, प्रमोद सैनी,नरेश सैनी, मामराज सैनी, सुभाष प्रधानाध्यापक, सुभाष अध्यापक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

# उद्योग मंत्री ने सोन चिड़िया मेरी बिटिया अभियान के तीसरे चरण का किया शुभारंभ

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने सोन चिड़िया मेरी बिटिया अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ सोन चिड़िया बर्ड हाउस घोंसला लगाकर किया। गौरैया और बेटियों को बचाने के लिए युवा जागृति संस्थान द्वारा 3 वर्ष से सोन चिरैया मेरी बिटिया अभियान चलाकर बेटियों के नाम पर 1000 से अधिक हाउस बनाकर लोगों को वितरित किए हैं। एक बर्ड हाउस में तीन गौरैया निवास आराम से कर सकती है। युवा जागृति संस्थान द्वारा बेटियों के जन्मदिन पर बर्ड हाउस लगाए जाते हैं। इस अभियान में कई लोग जुड़ चुके हैं और अब नन्ही गौरैया घर आंगन और विद्यालयों में भी मधुर ध्वनि करती हुई दिखाई दे रही है पर्यावरण संरक्षण का सजग प्रहरी बनकर गोरैया संरक्षण के लिए इस प्रयास की जिले के उच्च अधिकारियों ने सराहना की है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने बताया कि युवा जागृति संस्थान की बहुत अच्छी पहल है जो कि पक्षी और बेटी दोनों की सुरक्षा होती है और साथ में बताया कि इस अभियान को चलाने से गर्मी में गौरेया को आसानी से पानी एवं प्राकृतिक आवास उपलब्ध हो सकेंगे। इस प्रकृति में हमारे आस पास अनेक प्रकार के सुन्दर और विचित्र पक्षी रहते हैं। जिनको देखकर और इनकी आवाजे को सुनकर हमें प्रकृति की खूबसूरती का ऐहसास होता हैं। प्रकृति में जीव जन्तुओं को ईश्वर ने सुन्दर और अद्भुत तरीके से बनाया हैं। पंक्षियों की तो एक अनोखी ही दुनिया होती है जीवन को जीभर के जीना, खुले आकाश में उड़ना यह हमें कुछ सिख अवश्य देते हैं। पंक्षियों में हौसला जिस प्रकार से बुलंद होती है हमें भी अपने जीवन में लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। एक पक्षी तिनकाझतिनका चुनकर इकट्ठा करके अपना आशियाना बानाता हैं और एक तेज हवा का झोंका उस आशियाना को उजाड़ देता है तब भी उनका हौसला कम नहीं होता और फिर से तिनका झ तिनका चुनकर अपना नया आशियाना बना लेते हैं। पक्षियों के हौसले को देखकर हमें भी सीख लेनी चाहिए। और जीवन में हमें भी निरंतर अग्रसर रहना चाहिए। युवा जागृति संस्था सचिव गोकुल चंद सैनी ने बताया कि अब तक दो चरण पूर्ण कर 1000 घोसले लगाए गए हैं । ये लकड़ी के घोंसले' युवा जागृति महिला मंडल' की महिलाओं द्वारा तैयार किए जाते हैं पिछले वर्ष 1000 लकड़ी के घोंसले लगाए गए थे इस बार हमारा लक्ष्य इसे दुगुना करने का है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, युवा जागृति संस्थान गोकुल चंद सैनी, प्रेम सैनी आदि मौजूद रहे।



## फल विक्रेता पर जानलेवा हमले के विरोध में आज फल सब्जी विक्रेताओं की हड़ताल

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**

खैरथल 11 अप्रैल। शहर के मध्य स्थित बाजार हेमू कालानी चौक पर फल विक्रेता दीपक उर्फ दीपू पर जानलेवा हमला करने के विरोध में मंगलवार को फल सब्जी विक्रेताओं की हड़ताल रही ।सब्जी मंडी आढ़त संघ के अध्यक्ष दुर्गा दास परवाना व फल सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष धर्म दास गनवानी ने बताया कि भीड़ भरे बाजार में इस तरह वारदात होना बहुत गंभीर और चिंताजनक है।अब तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार भी नहीं किया है। पुलिस में दर्ज मामले के अनुसार कि शनिवार देर रात को हेमू कालाणी चौक पर लंबे समय से फल का ठेला लगाने वाले खुशाल दास व उसके बेटे दीपक उर्फ दीपू से समीपवर्ती बस्ती निवासी मुनेश द्वारा फल खरीदने के बाद पैसे नहीं देने पर विवाद हो गया ।तब ही फल खरीदार मुनेश द्वारा घर पर फोन कर काफी लोगों को बुलवाया ।जिन्होंने आते ही खुशाल दास, उसके बेटे तुलसीदास,दीपक उर्फ दीपू,उमेश आदि सहित बीच-बचाव करने आने वाले दर्जन भर लोगों पर लाठियों से हमला कर पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची मंगलवार को सुबह किशनगढ़ बास किशनगढ़ बासडीएसपी बैनीवाल ने कहा कि आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगागौरतलब है कि पीड़ित पक्ष के उम के उमेश पुत्र खुशालदास सिन्धी द्वारा हमलावरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है ।इधर मंगलवार को जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर धरना स्थल पर पहुंचकर रेलवे फाटक पर सब्जी व्यापारियों से मिले मौके पर पहुंचे किशनगढ़ बास बीएसपी जयप्रकाश बेनीवाल से जिला प्रमुख ने बात की ओर उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन देते हुए उनसे कहा कि आरोपियों की जल्दी ही गिरफ्तारी की जाएगी । इस दौरान पुज्य सिंधी पंचायत अलवर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा सहित सभी सब्जी व्यापारी गण मौजूद थे। सब्जी व्यापारियों ने कहा है कि आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार नहीं किया गया तो हड़ताल आगे भी जारी कर दी जाएगी।



## बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा दुष्कर्म में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 11.04.2023 को उ0नि0 रामजी सिंह थाना बाजार शुक्ल मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 67/23 धारा 376,323 भादवि में वांछित अभियुक्त मुकेश पुत्र राम सुन्दर मौर्या निवासी ग्राम पूरे जुडई मजरे महोना पश्चिम थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को ग्राम पूरे जुडई से समय करीब 09:50 बजे गिरफ्तार किया गया । थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।



## खैरथल पहुंचने पर पाकिस्तान के सांई मूलचंद खेबारी का हुआ भव्य स्वागत

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल 11 अप्रैल। पाकिस्तान से एक माह पूर्व आये सांई मूलचंद खेबारी का सोमवार रात्रि को पाकिस्तान जाने पर खैरथल एवं इस्माईलपुर सिंधी समाज के सैकड़ों महिलाओं व पुरूषों ने नम आंखों से विदाई दी। सिंध पाकिस्तान से सांई मूलचंद खेबारी एक माह पूर्व कस्बे के इस्माईलपुर गांव में स्थित पूज्य दरबार साहिब में पहुचे थे। मानव सेवा का संदेश लेकर आये सांई मूलचंद खेबारी का एवं पूज्य दरबार साहिब के सांई कल्याण भगत का सोमवार रात्रि को माया कॉलोनी खैरथल पहुचने पर पुज्य सिंधी पंचायत अलवर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा एवं भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश मंत्री गिरधारीलाल ज्ञानानी के नेतृत्व में गोपालदास पेशवानी,धर्मदास मंगलानी,घनश्याम केवलानी, गागनदास पेशवानी,विजय बच्चानी,भगवानदास दादवानी, राजकुमार दादवानी,बाबूलाल गोरवानी,शिशुपाल रेलवानी,लालचंद भगत, दीपक लखवानी,चेतन हिरदयानी, नवल लखानी, अजित मंगलानी आदि सैकड़ों श्रद्धालुओं की ओर से संतो का ढोल-नगाड़ो के साथ जोरदार आतिशबाजी व पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत कर प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ सांई मूलचंद खेबारी एवं साई कल्याण भगत के साथ किशनगढ़बास रोड स्थिति हेमू कालाणी चौक पर समाजसेवी विजय बच्चानी के नेतृत्व में किशोर पोपटानी, मोहन रोचवानी,इंद्र माखीजा,भगवान रोचवानी,वासदेव चेतवानी, संजय गंगवानी,पपन माखीजा की ओर से संतो का शॉल ओड़ाकर स्वागत किया गया। इस दौरान संतों ने शहीद हेमू कालाणी जी की प्रतिमा पर नमन कर पुष्प अर्पित किए इसके बाद खैरथल रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुए ।खैरथल से अमृतसर वाघा बॉर्डर के लिए जाने पर सांई मूलचंद खेबारी को सभी श्रद्धालुओं की ओर से नम आंखों से विदाई दी गई।



## महात्मा ज्योतिबा फुले की 196 वीं जयंती मनाई गई

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - उपखंड के कस्बा हरसौरा में मंगलवार को सर्व समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की 196 वीं जयंती बड़े हर्ष और उल्लास से मनाई गई। महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कस्बे के बस स्टैंड पर मीठे पानी की प्याऊ भी लगाई गई। सैनी समाज ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित करने पर आभार जताया। छंगाराम सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का समाज उत्थान में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। महात्मा फुले ने समाज में व्याप्त छुआछूत एवं भेदभाव तथा कुरीतियों को समाप्त करने में अग्रणी भूमिका रही है। इस अवसर पर धर्मचंद सैनी अध्यक्ष सैनी समाज हरसौरा, रामस्वरूप सैनी, गीता सैनी पूर्व सरपंच, कमल तिवाड़ी जिला कांग्रेस सचिव, रामनिवास ठेकेदार, छंगाराम सैनी, मातादीन गुवारिया, सरजीत सैनी, प्रदीप चौधरी, डालचंद सैनी, मामला मीणा, राहुल तोंदवाल, संदीप बादलीवाल, भूपसिंह सूरेला, हितेंद्र चौधरी, विक्रम सिंह, राकेश कुमार, जयकिशन यादव, राजेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## वर्तमान ग्रीष्म काल में खेत/खलिहान में लगने वाली आग की घटनाओं से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**


अमेठी 11 अप्रैल 2023, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह ने बताया कि वर्तमान ग्रीष्म काल में खेत खलिहान में लगने वाली आग की घटनाओं को न्यून करने के उद्देश्य से आम जनमानस को विशेष सावधानियों का पालन करने की सलाह दी जाती है जिससे उन्हें अग्निकांड जैसी आपदाओं में जनहानि, पशुहानि एवं फसल क्षति आदि का सामना ना करना पड़े। उन्होंने बताया कि खेतों में लगे हुए ट्रांसफार्मर से निकलने वाली चिंगारी के कारण खेतों में आग लगने की घटनाएं प्रकाश में आती हैं इसके दृष्टिगत किसानों को सलाह दी जाती है कि ट्रांसफार्मर के नीचे का खेत न्यूनतम 15*15 वर्ग फीट के अनुपात में छोड़ दें जिससे यदि चिंगारी निकलती है तो वह संपूर्ण खेत की फसल को प्रभावित ना करें, खेतों के पास लगे हुए खंभों के ढीले एवं जर्जर तारों के आसपास फसल को ना रखें, खेतों के पास लगे हुए खंभों के ढीले एवं जर्जर तारों को स्थानीय विद्युत उप केंद्र के अभियंता को सूचना देकर बदलवाने का कार्य करें, सावधानी के हिसाब से सलाह दी जाती है कि कटी हुई फसल के गट्ठर को एक साथ ना रखकर अलग-अलग गट्ठर बनाकर रखें जिससे संभावित आग लगने पर संपूर्ण फसल की क्षति ना हो, खेतों में फसल कटाई का कार्य करते हुए धूम्रपान का प्रयोग कतई ना करें तथा अन्य लोगों को भी समझाने का प्रयास करें, घरों में मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाने के पश्चात आग पर पानी डालकर पूर्ण रूप से बुझाना सुनिश्चित करें, किसी भी तरह की आग लगने पर तत्काल अग्निशमन विभाग को 112 नंबर पर सूचना देते हुए प्रभावित क्षेत्र की सही लोकेशन अग्निशमन विभाग को देने का प्रयास करें जिससे कम समय में सहायता पहुंचाई जा सके।



## गुरु गोरक्षनाथ की नई प्रतिमा की पेहल आश्रम में हुई प्राण प्रतिष्ठा

**मरुधर विशेष // विशेष संवाददाता**

खैरथल // खैरथल के निकटवर्ती गांव पेहल के अनंत श्री गोरक्षनाथ आश्रम में गुरु गोरक्षनाथ की नई प्रतिमा की विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई । आश्रम के शिष्य बालयोगी बालकनाथ महाराज ने बताया कि आश्रम महंत बाबा प्रभातीनाथ महाराज के द्वारा मंगलवार को आयोजित पंचमी महोत्सव कार्यक्रम में पेहल के पंडित छैलूराम शर्मा ने विधि विधान से हवन कराने के बाद संतगणों की उपस्थित में सवा तीन फुट ऊंची नवीन प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठित किया । जिसके बाद दिन भर सत्संग कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर आयोजित सत्संग समारोह में श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा महंत प्रभातीनाथ ने कि आस्था के केंद्र बने पेहल के इस मंदिर में गुरू गोरक्षनाथ महाराज की नई मूर्ति की स्थापना की गई है और मंदिर का पुनर्निर्माण भी जल्दी पूरा होगा । महंत प्रभातीनाथ महाराज ने इस अवसर पर कहा कि मंदिर व संत प्रतिमाओं से लोगों को अपनी ऐतिहासिक महान संस्कृति का ज्ञान होता है , जिससे लोग धर्म के मार्ग पर अग्रसर होते हैं और अच्छे समाज का निर्माण होता है । पंचमी महोत्सव के अवसर पर देशभर से आए श्रद्धालुओं ने संत प्रतिमाओ की पूजा अर्चना कर मनोकामनाएं मांगी । इस अवसर पर शिष्य बालयोगी बालकनाथ महाराज , कुतीना के रामकुमार नाथ , जाट बहरोड़ के फूलनाथ , शिष्य भूतनाथ , आरआर कॉलेज अलवर के प्राचार्य प्रो. हुकम सिंह निर्भय , मनोज पीटीआई , अनिल जांगिड़ , फोटोग्राफर संघ अलवर के जिलाध्यक्ष सुनील रामेजा और नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे ।



## तेज रफ्तार डंपर ने युवक को टक्कर मार मोपेड समेत सडक पर घसीटा, दर्दनाक मौत

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

बैकुंठपुर-चिरमिरी रोड पर तेज रफ्तार डंपर ने लूना सवार एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। युवक का लूना डंपर के सामने वाले हिस्से में फंस गया, इस दौरान डंपर का ड्राइवर उसे कुछ दूर तक घसीटता ले गया। हादसे



में सिर सहित शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को जब्त कर थाने में खड़ा किया। वहीं पुलिस ने युवक का शव पीएम पश्चात उसके परिजन को सौंप दिया ।बैकुंठपुर के ग्राम जामपारा निवासी 20 वर्षीय जितेश रवि मंगलवार की सुबह 10.30 बजे अपनी लूना क्रमांक सीजी 16 सीएफ 5812 से ग्राम सलका किसी काम से जा रहा था। वह बैकुंठपुर-चिरमिरी मार्ग पर ग्राम चेर स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा ही था कि सामने से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर क्रमांक एमएच 12 टीआर ईएनके 796 ने उसे टक्कर मार दी ।टक्कर के बाद लूना डंपर के सामने वाले हिस्से में फंस गया। इस दौरान ड्राइवर ने वाहन नहीं रोका और कुछ दूर तक युवक को लूना सहित घसीटते ले गया। हादसे में गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

## वन विभाग की टीम ने आखिरकार धर दबोचा,आरोपियों से पूछताछ जारी

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

जशपुर / विगत दिनों लुड़ेग क्षेत्र के जंगल में दिनदहाड़े वन विभाग के कर्मचारी की संलिप्तता में सागौन लकड़ी की कटाई के मामले में पूरे प्रदेश में वन विभाग की कार्यशैली को लेकर हिला कर रख दिया था। लकड़ी तस्कर को ग्रामीणों की मदद से मौके पर एक जेसीबी एवं सागौन भरे लकड़ी ट्रैक्टर को पकड़ कर ग्रामीणों ने पत्थलगांव पुलिस को सूचना दी थी जिसके बाद पत्थलगांव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लकड़ी लदे ट्रैक्टर एवं जेसीबी को जप्त करते हुए पत्थलगांव पुलिस थाने लाया था एवं उसी समय पत्थलगांव



पुलिस ने मनोज खुंटिया सागौन लकड़ी तस्कर के घर भी दबिश देते हुए करीब 7 से 8 ट्रैक्टर सागौन लकड़ी को पकड़कर थाने ले कर आए थे ।जिसके बाद से मनोज खुंटिया पिता भीमसेन कुटिया लुडेग निवासी एवं उसके दो सहयोगी रंजन कुजुर पिता चंद्रभान कुजुर बंधन पुर, कश्मीर कुजूर पिता तेरस कुजुर लुडेग निवासी फरार हो चुके थे। पत्थलगांव पुलिस ने सागौन के लकड़ियों को एवं जप्त जेसीबी एवं ट्रैक्टर को पत्थलगांव वन विभाग के हवाले कर दिया था ।पत्थलगांव वन विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सागौन की लकड़ी की कीमत लगभग दस लाख रुपए आंकी गई है वही मौके से एक ट्रैक्टर जेसीबी भी जप्त की गई है जिसकी कीमत भी लाखों रुपए में है ।पत्थलगांव वन परीक्षेत्र अधिकारी कृपासिंधु पैकंरा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सागौन तस्करी के मुख्य आरोपी मनोज खुंटिया पिता भीमसेन कुटिया लुडेग के निवासी एवं उसके अन्य दो सहयोगी रंजन कुजूर पिता चंद्रभान कुजुर बंधनपुर लुडेग, कश्मीर कुजूर पिता तेरस कुजुर लुडेग निवासी को पकड़कर लाया गया है ।जिनसे लाखों रुपए के सागौन तस्करी के बारे में विस्तृत पूछताछ की जा रही है कि उनके द्वारा लुड़ेग क्षेत्र के जंगलों से लकड़ी काटकर कहां खपाने का धंधा किया जा रहा था जिससे आने वाले दिनों में क्षेत्र में सागौन तस्कर से सागौन खरीदी करने वालों के हड़कंप मचा हुआ है जल्द ही क्षेत्र में वन विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही की जावेगी।

## नशीले कफ सिरप एवं कैप्सूल के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

एमसीबी / जिले के जनकपुर में नशीले पदार्थो की बिक्री करते एक युवक को जनकपुर पुलिस ने गिफ्तार किया है। आरोपी के पास से नशीले कफ सिरप एवं कैप्सूल बरामद किए गए है।आप को बता दें कि पुलिस



महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर सरगुजा रेंज में शराब एवं नशीले पदार्थ की तस्करी व क्रय विक्रय में रोक लगाकर तत्काल सक्त कार्यवाही करने के निर्देश है। जिले के पुलिस अधीक्षक टीआर कोशिमा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बैरया के मार्ग दर्शन एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मनेन्द्रगढ़ राकेश कुर्रे के परवेक्षण में थाना प्रभारी एम एल शुक्ला के द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है ।जिसके तहत मुखबीर से सूचना मिली कि जनकपुर अस्पताल पारा में रहने वाला अमित दुबे जो अवैध रूप से नशीली दवाइया जैसे कफ सिरप एवं नशीले टेबलेट बेच रहा है। जिससे नियमानुसार कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी एम एल शुक्ला अपने स्टाफ के साथ घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 07 वाटल ओनरेक्स कफ सिरप जिसमें कोडिन की मात्रा है प्रत्येक में 100' सिरप तरल पदार्थ भरा है। तथा 08 बाटल खाली ओनरेक्स कफ सिरप व 04 नशीले कैपसूल जिसका नाम आरोपी प्रॉक्सीवन बताया पाये गये जिन्हें नियमानुसार जप्ती कर आरोपी अमित दुबे निवासी जनकपुर के विरूद्ध धारा 21 ( ) एंडीपीस एक्ट के तहत कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार किया गया है और न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## महिला CMO निलंबित : आदेश जारी जशपुर

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

जशपुर/ उटड र४२स्त्रील्लिइ१ॅ्ल्लॅ : कार्यों में अनियमितता के चलते नगर पालिका परिषद जशपुर की सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो को निलंबित कर दिया




गया है। उनके खिलाफ विकास कार्यों में अनियमितता बरतने व धांधली की शिकायतें मिल रही थी। जिसके चलते नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के द्वारा आदेश जारी कर जशपुर नगर पालिका परिषद की मुख्य नगरपालिका अधिकारी ज्योत्सना टोप्पो को निलंबित कर दिया गया ।सुचारू कार्य व्यवस्था के संचालन हेतु जशपुर के नायब तहसीलदार सुशील कुमार सेन को नगर पालिका परिषद जशपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जशपुर कलेक्टर रवि मित्तल ने इस आशय के आदेश जारी किए हैं।

## हितग्राहियों को कलेक्टर ने प्रदाय की नियुक्ति पत्र एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र ने बढ़ाया रोजगार का हाथ

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

सूरजपुर कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू तथा एसईसीएल बिश्रामपुर के महाप्रबंधक श्री अमित कुमार सक्सेना की उपस्थिति में प्रभावितों को नियुक्त पत्र प्रदान कर उनके सफल जीवन की कामना की। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सभी हितग्राहियों को सुरक्षा और सावधानी पूर्वक कार्य करने तथा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।




वही महाप्रबंधक एसईसीएल श्री अमित सक्सेना ने प्रशिक्षु में नियुक्त हो रहे सभी को बधाई दी और कहा कि राज्य शासन एवं बिश्रामपुर क्षेत्र एसईसीएल मिनी रत्न के सहयोग से आप सबका भविष्य संवरने वाला है। आने वाले समय का सही उपयोग कर आगे बढ़े और सफल हो, यही हमारी कामना है ।आमगांव ओपनकास्ट परियोजना बिश्रामपुर क्षेत्र हेतु ग्राम पटना की भूमि अधिग्रहित किये जाने पर परियोजना प्रभावित व्यक्ति की नियुक्ति हेतु आदेश जारी किया गया है। एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र द्वारा कोयला उत्खनन के उद्देश्य से ग्राम पटना की भूमि अधिग्रहित किए जाने पर अधिग्रहित भूमि के एवज में कोल इंडिया पुर्नवास नीति 2012 के प्रावधानों (भूमिस्वामी की अधिग्रहित भूमि की मात्रा के घटते क्रम में तैयार वरीयता सूची) के तहत निम्नलिखित नियम, शर्तों पर आपको प्रशिक्षु (पी.ए.पी.) के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्ति प्रदान किया जा रहा है एवं कुसमुंडा क्षेत्र में पदस्थ किया जा रहा है।

# कौन हैं टीएस सिंह देव जो भूपेश बघेल के खिलाफ बुलंद कर रहे बगावत का झंडा

### एक राजा, तीन बार के MLA, सबसे सीनियर मंत्री...

**मरुधर विशेष, करन सोनी**



सरगुजा/ कांग्रेस के सामने मंगलवार को एक साथ दो मुसीबतें सामने आ गईं. पहला तो राजस्थान में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट अनशन पर बैठ गए तो वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने एक बार फिर विरोधी सुर अख्तियार कर लिए हैं.टीएस सिंहदेव ने कांग्रेस नेता सचिन पायलट को लेकर कहा है कि उन्होंने कोई लक्ष्मण रेखा पार नहीं की. उनका अनशन पर जाना पार्टी विरोधी गतिविधि नहीं है. उन्होंने जनता से वसुंधरा राजे सरकार में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराने का वादा किया था लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाए. ऐसे में सचिन पायलट को लगता होगा कि चुनाव के समय वह मतदाता को क्या जवाब देंगे.वहीं उन्होंने 2.5 साल के बाद सीएम बनाने के वादे पर कहा, ये कांग्रेस ने सार्वजनिक तौर पर नहीं कहा. ये सब बंद कमरों की बातें होती हैं. इनकी मयार्दा बनाए रखनी होती है. कभी मौका मिला, तो क्या बात हुई थी, ये बताएंगे. उन्होंने कहा,'मीडिया में बार-बार 2.5-2.5 साल सीएम वाली बात आती रही, लेकिन जब यह नहीं हुआ, तो दुख तो होता है.छत्तीसगढ़ में 2018 में कांग्रेस 15 साल बाद सत्ता में लौटी थी. लेकिन इसके बाद सीएम की कुर्सी को लेकर सिंह देव और भूपेश बघेल के बीच जंग छिड़ गई थी. कहा जाता है कि ऐसे में ढाई-ढाई साल मुख्यमंत्री का फॉमूर्ला तय हुआ था और भूपेश बघेल के सिर सत्ता का ताज सजा था, लेकिन ढाई साल सीएम वाला फॉमूर्ला लागू नहीं हुआ.टीएस सिंह देव का नाम लगातार चर्चा में बना हुआ है. आइए जानते हैं कांग्रेस के इस नेता के बारे में जो खुलेआम कांग्रेस का विरोध करता है.

**सरगुजा राजघराने से 118वें राजा हैं टीएस सिंह देव**

त्रिभुवनेश्वर शरण सिंहदेव यानी टीएस सिंह देव का सरगुजा राजघराने से नाता है. वह इस राजघराने के 118वें राजा हैं. लोग उन्हें टीएस बाबा कहकर ही संबोधित करते हैं. उन्हें पसंद नहीं कि लोग उन्हें राजा साहेब कहकर पुकारें. सरगुजा राजघराने की गई पीढ़ियां कांग्रेस से जुड़ी हैं.

**यूपी में जन्मे, एमपी में पढ़े, छत्तीसगढ़ में राजनीति की**

1952 में प्रयागराज में जन्मे टीएस देव ने भोपाल के हमीदिया कॉलेज से एमए इतिहास की पढ़ाई की लेकिन छत्तीसगढ़ से राजनीति की शुरूआत की. वह 1983 में अंबिकापुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चुने गए और यहीं से उनका राजनीति सफर शुरू हुआ. हालांकि वह वर्तमान में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री हैं. पिछले दिनों उन्होंने पंचायत मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उन्होंने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा और जीएसटी विभाग का कार्यभार नहीं छोड़ा.

**अंबिकापुर से लगातार तीन बार बने विधायक**

टीएस देव कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं. अंबिकापुर विधानसभा सीट से तीन बार (2008, 2013, 2018) के विधायक हैं. वे छत्तीसगढ़ सरकार में नंबर दो की हैसियत रखते हैं. उन्हें 2013 में कांग्रेस ने विधायक दल का नेता बनाया था. इसके बार जनवरी 2014 को उन्हें विधानसभा में विपक्षी दल का नेता चुना गया.

**कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति के थे अध्यक्ष**

कांग्रेस नेता 2018 के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष थे. राजनीति में उनके कद का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि कांग्रेस के अलावा दूसरे दल के नेता भी उनका बहुत सम्मान करते हैं.

सबसे अमीर MLA, 514 करोड़ की है संपत्ति

साल 2013 में जब मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और मिजोरम में विधानसभा चुनाव हुए थे, तब भी टीएस सिंह देव सबसे अमीर विधायक थे. शपथपत्र के मुताबिक तब उन्होंने बताया था कि उनके पास 514 करोड़ रुपये की संपत्त? है.

**भतीजी ऐश्वर्या को मानते हैं लकी चार्म**

टीएस अपनी भतीजी ऐश्वर्या को अपने लिए बहुत लकी मानते हैं. 31 अक्टूबर 2018 में जब वह अंबिकापुर सीट से चुनाव लड़ने जा रहे थे, तब उन्होंने अपनी भतीजी के हाथों से अपना पर्चा दाखिल करवाया था. वह यह चुनाव 39,624 मतों के अंतर से जीत गए थे.

**भूपेश बघेल से गिनाई थीं सरकार की नाकामी**

टीएस सिंह देव और सीएम भूपेश बघेल के बीच रिश्ते ठीक नहीं हैं. उन्होंने सीएम को चार पन्नों का लेटर लिखकर पंचायत मंत्री पद से इस्तीफा दिया था. इस दौरान उन्होंने बघेल सरकार पर कई आरोप लगाए थे. उन्होंने कहा था,' आपसे से कई बार कहने के बाद भी पीएम आवास बनाने के लिए बजट नहीं दिया गया. उन्होंने शिकायत की थी कि आदिवासी इलाकों में पंचायत एक्सटेंशन इन शेड्यूल एरिया कानून में विश्वास में लिए बिना ही संशोधन कर दिए गए.

**विधायक दल की बैठक से किया था किनारा**

पिछले साल कांग्रेस ने जुलाई में राष्ट्रपति चुनाव से पहले विधायक दल की बैठक हुई थी. बैठक में 71 में से 64 विधायक शामिल हुए थे. जो सात विधायक बैठक में नहीं आए थे, उनके टीएस सिंह देव भी शामिल थे.

## जिले के समस्त स्कूल एवं नवनिर्मित शासकीय भवनों की पुताई हो गोबर पेंट से, प्राप्त आवेदनों का मूल दस्तावेजों के साथ करें सत्यापन : कलेक्टर

**मरुधर विशेष, करन सोनी**




सूरजपुर/ कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में जनशिकायतों एवं जनसमस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर लंबित प्रकरणों के निराकरण और निराकृत हो चुके प्रकरणों को टीएल सूची से विलोपित कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवेदनों के सत्यापन के लिए गठित भौतिक सत्यापन दल को प्रतिदिन आवेदनों का सत्यापन करने के निर्देश देते हुए ऑनलाइन भरे जा रहे आवेदनों का भौतिक सत्यापन भी अवश्य करने के निर्देश दिये। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रमाण पत्र का मिलान करते हुए पात्र अपात्र की भी जांच करें। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदक के पात्र होने पर बैंक से नाम और खाता संख्या सत्यापित होने के बाद उन्हें आदेश पत्र जारी करने और पोर्टल में दर्ज कराने को कहा। इसके साथ ही बेरोजगारी भत्ता हेतु अपात्र आवेदकों को सूचना देने भी कहा। उन्होंने लीड जिला प्रबंधक को आवेदकों बैंक के खातों में आ रही विसंगतियों को सुधार कर जानकारी उपलब्ध कराये। जिससे योजना का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों दिलाया जा सके।

उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण, पाइप लाइन विस्तार, सोलर पंप स्थापना आदि के प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग, पीएचई विभाग तथा राजस्व विभाग को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढों का समतलीकरण शीघ्र पूर्ण करें। भूमिहीन न्याय योजना अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों से प्राप्त आवेदनों की जांच करने तथा आवेदकों की पात्रता का परीक्षण करने कहा साथ ही विशेष कर बैगा, गुनिया, पंडो जनजाति के लोगों के आवेदनों का परीक्षण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये। नगरीय क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से सर्वे की जानकारी लेते हुए प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करने हेतु योजना बनाकर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। उन्होंने 14 अप्रैल 2023 से प्रारम्भ होने वाले ग्राम सभाओं के लिए विभिन्न विभागों से कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव में शामिल करने के निर्देश दिये।

**जिपं सीईओ ने वन अधिकारी पत्र की ली जानकारी**

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक प्रारंभ होने के पूर्व जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने वन अधिकार पत्र वितरित किये गये ग्रामों में से चयनित आदर्श ग्राम में राजीव गांधी भूमिहिन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ मिलने वाले ग्रामों की ब्लॉकवार समीक्षा की। जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में एक आदर्श ग्राम का चयन किया गया है। भैयाथान में बुंदिया, ओड़गी में जाज, प्रतापपुर में खडगवांकला, प्रेमनगर में तारा, रामानुजनगर में बरबसपुर तथा सूरजपुर में सोनवाही। जिला सीईओ ने सभी आदर्श ग्रामों की जानकारी लेते हुए नगरीय क्षेत्रों से प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली तथा समय सीमा में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार जिले के सभी शासकीय स्कूल एवं नवनिर्मित शासकीय भवनों की पुताई के लिए गोबर पेंट का ही प्रयोग करना है। इसके लिए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपनी मांग पत्र भेजने कहा ताकि गोबर पेंट की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा ने विभिन्न विभागों से मतदान भवनों के सत्यापन की जानकारी लेते हुए अप्राप्त दस्तावेजों के बारे में बताया साथ ही उन्होंने मतदान भवन के परिवर्तन के प्रस्ताव अगर होंगे तो उसके संबंधित विभाग का उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सुश्री आरा ने जाति प्रमाण पत्र, श्रमिक पंजीयन के प्रगति की जानकारी ली तथा शत प्रतिशत श्रमिक पंजीयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जन चैपाल, कलेक्टर ने शिकायत शाखा, जन शिकायत एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर करने निर्देश दिए। बैठक में वन मण्डलाधिकारी संजय यादव, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, एसडीएम रवि सिंह, उत्तम रजक, श्रीमती दीपिका नेताम, एसपी कार्यालय धमानंद शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर नंद जी पांडे, समस्त जनपद सीईओ सहित विभाग के समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## वन परीक्षेत्र खड़गवाँ इन दिनों बना जंगली हाथियों का घर

**मरुधर विशेष, करन सोनी**




एमसीबी/ वन परिक्षेत्र खड़गवां में हाथियों के विचरण की खबरें आए दिन मिलती रहती हैं, जहां घने जंगलों में हाथियों को अक्सर देखा जाता है, वन परिक्षेत्र खड़गवां जो कि अन्य वन मंडल के वन परिक्षेत्रों से लगा हुआ है, जहां आमतौर पर कोरबा, कटघोरा एवं खड़गवां के जंगलों में इन हाथियों के दल को विचरण करते हुए देखा जाता है, हरे भरे वनस्पतियों से परिपूर्ण वन परिक्षेत्र खड़गवां जहां हाथी अक्सर खाने की तलाश में खड़गवां के जंगलों के निकटीय ग्रामीण क्षेत्रों में विचरण करते हुए पहुंच जाते हैं, जिसके बाद वन विभाग को ग्रामीणों के संरक्षण एवं हाथियों को वन क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों से दूर भगाने एवं उन्हें सुरक्षित करने के लिए दिन रात मशक्कत एवं ड्यूटी करनी पड़ती है, जब तक कि हाथियों का दल वहां जंगलों के रहवासियों से दूर ना चले जाएं ।वर्तमान में हाथियों का दल वन परिक्षेत्र खड़गवां के बीट देवाडांड के ग्राम बेलकामार में विचरण करते हुए देखा गया है जिसके बाद, वन परिक्षेत्राधिकारी खड़गवां अर्जुन सिंह एवं वन परिक्षेत्र खड़गवां के कर्मचारियों के द्वारा बीट देवाडांड के ग्राम बेलकामार में रात्रि कालीन हाथी ड्यूटी किया जा रहा है, फिलहाल परिस्थितियां वन विभाग के टीम के नियंत्रण में हैं, अभी तक किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है, मगर बेलकामार में हाथियों के दल द्वारा बीते रात एक घर को तोड़ कर अनाज खाया गया है, वहीं ग्राम जरौंधा में दो घरों को हाथियों के दल ने तोड़ा जिसमें एक घर के अनाज को खाया है, जिस पर वन विभाग द्वारा हाथियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही किउनके नुकसान की भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी, वे चिंतित ना हों और हाथियों से दूरियां बना कर सुरक्षित स्थान पर रहें, वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को सतर्क रहने एवं हाथियों को किसी प्रकार भी छेड़खानी ना करने की हिदायतें दी जा रही हैं,जिसकी पुष्टि वन परिक्षेत्र खड़गवां द्वारा की गई है।

## भनोखर में शराब ठेकेदार पर बाइक सवार पांच जनो ने की फायरिंग

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। भनोखर गांव स्थित मीणा वाइंस ग्रुप शराब ठेके पर मोटर साइकिल सवार पांच जनो ने फायरिंग कर शराब ठेकेदार को घायल कर दिया। घायल ठेकेदार को सीएचसी कठूमर में भर्ती कराया गया सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक अशोक चौहान और बहतुकला थानाधिकारी हनुमान



सहाय,खेड़ली थानाधिकारी महावीर प्रसाद मय जाब्ता पहुंचे ।जानकारी के अनुसार कठूमर के भनोखर के गांव में स्थित मीना वाइंस ग्रुप शराब ठेके पर मोटरसाइकिल से आए पांच जनों ने फायरिग कर दी। फायरिंग में शराब ठेकेदार अवधेश गुर्जर पुत्र उदल सिंह इन्द्रावली निवासी को पैर में गोली लगी। जिससे ठेकेदार अवधेश गुर्जर घायल हो गया। घायल ठेकेदार को कठूमर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां घायल ठेकेदार का उपचार जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व सरपंच मंगलसिंह मीणा कांटवारी निवासी का पहले शराब ठेका था। ठेके में साझीदार रिश्तेदार संजू मीणा निवासी भनोखर का शराब ठेके को लेकर करीब 15 दिन से विवाद चल रहा था। इसी को लेकर बीती रात्रि को करीब 11 बजे संजू मीणा के साथ पांच जने आए और लड़ाई झगड़े और गाली गलौज कर दी। मामले को शांत करा कर भेज दिया? गया। वही मंगलवार को सुबह पूर्व सरपंच मंगल मीणा कटवारी और संजू मीणा भनोखर के साथ अन्य? लोगों ने 315 बोर कट्टा से दो गोली फायरिंग की। एक गोली ठेकेदार अवधेश गुर्जर के पैर पर लगी और दूसरी गोली दुकान की शटर पर लगी। मामले की जांच व अनुसंधान जारी है।

## राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से कठूमर पंचायत समिति की 3 ग्राम पंचायत होंगी सम्मानित

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**

कठूमर। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग जयपुर के अनुसार राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार वर्ष 2023 अंतर्गत 3 ग्राम पंचायतों को जिला परिषद अलवर में सम्मानित किया जावेगा। वही बताया गया कि थीम में जिला स्तरीय सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली प्रत्येक पंचायत समिति से 3 ग्राम पंचायतों को जिला स्तर पर 12 मार्च बुधवार को जिला परिषद अलवर में सम्मानित किया जाएगा ।कठूमर पंचायत समिति से ग्राम पंचायत तुसारी ,मैथना गारू, आदि ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं विकास अधिकारियों को जिला प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## बहतुकला में सात दिवसीय प्रसिद्ध धौलागढ देवी मेले एवं पशु मेले का विधायक बैरवा ने किया उद्घाटन

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**

कठूमर । कठूमर के बहतुकला में ग्यारह अप्रैल से आयोजित होने वाले सात दिवसीय प्रसिद्ध धौलागढ देवी मेले एवं पशु मेले का उदघाटन विघायक बाबूलाल बैरवा ने किया। वही एसडीएम लाखन सिंह गुर्जर,



विकास अधिकारी यशवंत शर्मा व अमिताभ बैरवा विशिष्ट अतिथि रहे मेले के दौरान कई धार्मिक व परंपरागत कार्यक्रम आयोजित होगेंसरपंच रामचरण यादव और ग्राम विकास अधिकारी रामवतार शर्मा ने बताया अलवर जिले के सबसे बडे 11 से 17 अप्रेल तक सात दिवसीय देवी मेले को देखते हुये कठूमर उपखंड़ क्षेत्र का पुलिस प्रशासन सहित बिजली, पानी, सड़क स्वास्थ, दमकल विभाग अलर्ट मोड़ पर है। और कई विभागो को जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर सरपंच रामचरण यादव ,ग्राम विकास अधिकारी राम अवतार शर्मा, सरपंच पुत्र खैमाराम यादव, उप सरपंच प्रतिनिधि सहित मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## मगफिरत और बरकतों का पाक महीना है माहे रमजान- अनीश खान सहसन,

मरुधर विशेष /गोपालगढ़ आरिफ खान ,रमजान माह मसरख सब्र और बरकतों का पाक महीना है इतना ही नहीं रमजान इबादत में गुनाहों से तौबा करने का महीना है इस महीने में रोजा रखने वालों की दुआ कबूल होती है



उक्त बातें समाजसेवी अनीश खान सहसन ने कहते हुए कहा कि रोजा रखने और अल्लाह की इबादत में डूबे रहने गुनाहों से तौबा करने हर बुराई से बचने पाबंदी के साथ नमाज अदा करने से अल्लाह हम सबकी नेक जायज तमन्नाओं को दुआओं को कुबूल करते हैं अल्लाह ने रोजे को इंसान के लिए एक इम्तिहान के तौर पर रखा है जो इंसान अल्लाह ने रोजे को इंसान के लिए एक इंतिहान के तौर पर रखा है जो इंसान अल्लाह के इस इम्तिहान में सफल होगा उसके लिए अल्लाह पाक जन्नत के दरवाजे हमेशा के लिए खोल देगा 1 माह के रोजे साल में एक परीक्षा के तौर पर आते हैं अल्लाह देखता है कि मेरे बंदे मेरी कितनी इबादत करते हैं हम सभी को रोजे की पूरी कितनी इबादत करते हैं रोजे की पूरी फजीलत के बारे में पूरा ज्ञान होना चाहिए।




Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256